RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 229
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 दिसम्बर, 2023

## एक नज़र

### अखिलेश यादव बोले- 2024 के लिए बड़ी तैयारी है, भाजपा 14 में आई थी 24 में चली जाएगी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी तैयारी कर रहे हैं। भाजपा 14 में यूपी से आई थी और 24 में चली जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी जनता के सवाल वैसे के वैसे ही हैं। भाजपा को बताना चाहिए कि क्या किसानों की आय दोगुनी हो गई? प्रदेश सरकार का कहना है कि 40 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं। अब उनकी स्थिति क्या है? कितना निवेश हुआ है? उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि जिन लोगों ने एमओयू साइन किया था उन्हें अधिकारी ढूंढ रहे हैं। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उन्हें एसटीएफ तलाश करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग कहते थे कि बुंदेलखंड में इंडस्ट्रियल हब बनेगा। यहां पर टैंक बनेगा, मिसाइल बनेगी.. लेकिन यहां तो सुतली बम तक नहीं बना।

### अगले तीन दिन बहेगी बेहद खराब रहेगी दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की गति कम होने से प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। बीते चार दिनों से हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही है। सोमवार को अधिकतर इलाकों की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 317 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। यह शनिवार के मुकाबले तीन सूचकांक वृद्धि हुई है। एनसीआर में एक बार फिर दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित दर्ज की गई। सुबह से ही धुंध के साथ कोहरा देखने को मिला। दोपहर में हल्की धूप खिली, लेकिन आसमान में हल्के बादल छाए रहे। 29 इलाकों में हवा बेहद खराब व छह इलाकों में खराब श्रेणी में दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी से रहेगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की गति चार किलोमीटर प्रतिघंटे है, ऐसे में प्रदूषण का फैलाव नहीं हो रहा है। इससे हवा में प्रदूषण कण संघन हो गए हैं।

# 13 दिसम्बर को मोहन यादव लेंगें मुख्य मंत्री पद की शपथ

## हफ्ते भर से जारी उथल पुथल हुई खत्म, जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री होंगे



एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया गया है। सोमवार को भोपाल में हुई विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम पर मुहर लगाई गई। पार्टी द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लकड़ा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से मोहन यादव को राज्य का अगला मुख्यमंत्री चुना गया।

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गई है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से इनके नाम को मुहर लगी। इससे पहले भाजपा आलाकमान ने मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक बनाकर सीएम चुनने की जिम्मेदारी सौंपी थी। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम को फाइनल किया गया। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया है।

**मोहन यादव के बारे में जानिए**

मोहन यादव ने माधव विज्ञान महाविद्यालय से पढ़ाई की है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री का जिम्मा संभाल चुके हैं।

**मोहन 1982 में छात्र संघ के सह-सचिव भी चुने गए थे।**

वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और सिंहस्थ मध्य प्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य, मध्य प्रदेश विकास प्राधिकरण के प्रमुख, पश्चिम रेलवे बोर्ड में सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। 2013, 2018 के बाद अब वे 2023 में भी उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

**भाजपा को मिला प्रचंड बहुमत**

मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को वोट डाले गए थे। इसके नतीजे 30 नवंबर को जारी हुए थे। नतीजों में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल हुई थी। आंकड़ों पर नजर डालें तो भाजपा के हिस्से में 163 सीटें आईं, जबकि कांग्रेस को 66 सीटों से ही संतोष करना पड़ा।

**विधायक दल का नेता चुने के जाने के बाद क्या बोले मोहन यादव?**

मध्य प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मैं केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह जो जवाबदारी दी है। आपके प्यार और सहयोग से मैं अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने का प्रयास करूंगा।

### छत्तीसगढ़ के फैसले ने बढ़ाई दिलचस्पी

लंबे इंजतार के बाद पार्टी ने बीते शुक्रवार को तीनों राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की और उन्हें विधायकों से मिलकर सीएम तय करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस बीच बीते दिन छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय से आने वाले विष्णुदेव साय को सीएम चुनकर पार्टी ने सभी को चौंका दिया। इसके बाद से ही मध्य प्रदेश को लेकर अटकलें और तेज हो गई। हालांकि, नतीजों के हफ्ते भर बाद सभी कयासों और अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी ने अपना फैसला कर दिया और मोहन यादव को राज्य का अगला मुख्यमंत्री चुना।

### नतीजों के बाद सीएम के चेहरे पर सस्पेंस

चुनाव जीतने के बाद से सभी मन में यह सवाल था कि राज्य का अगला सीएम कौन होगा? शिवराज सिंह चौहान चुनाव जीतने के बाद से ही लोगों के बीच जा रहे थे। माताओं-बहनों से मिल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा था कि वे मध्य प्रदेश में ही रहेंगे। उन्होंने बार-बार पार्टी का हर फैसला मानने की बात भी दोहराई थी। इस बीच विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले भाजपा सांसदों ने इस्तीफा देकर मामले को और रोचक बना दिया। इसी के साथ माना जाने लगा था कि सीएम पद की रेस में शिवराज के अलावा कई दिग्गज भी हैं।

## आठ बार के विधायक जगदीश देवड़ा संभालेंगे MP के डिप्टी सीएम की कुर्सी

एजेंसी




**भोपाल।** रामपुरा क्षेत्र से आने वाले जगदीश देवड़ा को मप्र का डिप्टी सीएम बनाया गया है। देवड़ा मल्हारगढ़ विधानसभा सीट से आठ बार से विधायक हैं और अब प्रदेश डिप्टी सीएम होंगे।

भाजपा विधायक की बैठक में नए मुख्यमंत्री के नाम के साथ-साथ अन्य लोगों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। मुख्यमंत्री के तौर पर डॉ. मोहन यादव का नाम तय होने के साथ-साथ जगदीश देवड़ा को प्रदेश के नए उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जगदीश देवड़ा नीमच जिले के रामपुरा के रहने वाले हैं। उनका जन्म 01 जुलाई,1957 को नीमच जिले के रामपुरा में हुआ था। उनके पिता का नाम गेंदालाल देवड़ा हैं। जगदीश देवड़ा की पत्नी का नाम रेणु देवड़ा हैं, जिनसे दो पुत्र हैं। देवड़ा ने एम.ए. और एल-एल.बी की डिग्री हासिल की है। देवड़ा मल्हारगढ़ विधानसभा सीट से विधायक हैं। देवड़ा लगातार आठवीं बार जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

**राजनीति में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया**

दलित चेहरे के रूप में जगदीश देवड़ा को मध्य प्रदेश का उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। जगदीश देवड़ा वर्तमान में शिवराज सरकार में वित्त मंत्री का जिम्मा संभाल रहे थे। शिवराज सरकार रही हो या 2003 में उमा भारती सरकार सभी में देवड़ा ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। वे परिवहन, गृह, श्रम, जेल जैसे बड़े मंत्रालय संभाल चुके हैं। इसके अलावा देवड़ा वित्त मंत्री का प्रभार भी संभाल चुके हैं। इस बार चुनाव में जगदीश देवड़ा ने 59024 वोटों से जीत हासिल की है। उन्होंने निर्दलीय विधायक श्यामलाल जोकचंद को हराया है।

**विवादों से रहे दूर**

जगदीश देवड़ा 66 साल की उम्र में अपने शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। साथ ही राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो वे मध्य प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेताओं में शुमार किए जाते हैं। देवड़ा का अब तक करियर बेदाग रहा है। कहा जा सकता है कि विवादों से उनका दूर-

## मसाज पार्लर की आड़ में चल रहा गोरख धंधा!

## चिनहट पुलिस बनी अनजान

द अचीवर टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** मसाज के नाम पर जिस्म फरोशी का धंधा थाना चिनहट के मटियारी चौकी क्षेत्र में खूब फल-फूल रहा है। ऑनलाइन फोन डायरेक्टरी में मौजूद दर्जनों बॉडी स्पा या मसाज पार्लर के कुछ नंबरों पर (द अचीवर टाइम्स) ने पड़ताल की तो यहां पर भी जिस्मफरोशी का गोरखधंधा सामने आया। अधिकांश पार्लर के नंबरों पर शुरुआत तो मसाज के बारे में बातचीत से हुई लेकिन, जैसे-जैसे बात बढ़ी, धंधे की असल हकीकत सामने आ गई। कोई बॉडी टू बॉडी मसाज का ऑफर देने लगा तो कोई फुल मसाज पैकेज की बात करने लगा। बिना मिले अनजान शख्स को कस्टमर मान मिल रहे ऐसे ऑफर्स ने राजधानी में चिनहट पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर दिये हैं।

**बात बढ़ने के साथ ही आने लगे ऑफर**

वेबसाइट पर सेक्स के कारोबार की ही तरह मसाज पार्लर व स्पा के नंबर भी ऑनलाइन डायरेक्टरी पर मौजूद हैं। ऐसी ही एक ऑनलाइन डायरेक्टरी से इस रिपोर्टर ने कुछ मसाज पार्लर के नंबर लिये और एक-एक कर उन पर कॉल किया। चिनहट के एरिया के एक स्पा पर कॉल किसी युवती ने रिसीव किया। बातचीत की शुरुआत में उसने तमाम मसाज पैकेज बताए। रिपोर्टर ने जब पूछा कि फुल मसाज का उसके यहां क्या इंतजाम हैं, तो पहले तो युवती झिझकी लेकिन, कुछ देर की बातचीत के बाद वह इसके लिये राजी हो गई। मसाज के साथ फुल मसाज का ऑफर दे डाला।

**पैकेज के अलग-अलग रेट**

एक ऑनलाइन फोन डायरेक्टरी से मिले नंबर पर फोन करने पर जब रिपोर्टर ने स्पेशल मसाज के पैकेज बताने को कहा तो स्पा की रिसेप्शनिस्ट ने ढेरों मसाज के पैकेज बताने शुरू कर दिये। केवल मसाज का रेट 999 रुपये, मेक्सिकन मसाज का रेट 3,000 रुपये और बॉडी टू बॉडी मसाज का रेट 1500 रुपये बताया गया। आखिरी ऑप्शन का नाम सुनकर रिपोर्टर भी हैरान रह गया। उसने युवती से इस पैकेज के बारे में पूछताछ करनी चाही तो उसने स्पा में आने को कहा। जब रिपोर्टर ने अपने साथी को अंदर की जानकारी लेने के लिए मसाज के लिए भेजा तो अंदर की तस्वीर कुछ और बयां कर रही है मसाज की आड़ में अंदर अश्लीलता फैलाई जा रही है जिसके साक्ष्य द अचीवर टाइम्स रिपोर्टर के पास मौजूद है क्या चिनहट थाना क्षेत्र के मटियारी चौकी के देवा रोड पर डायमंड यूनी एक्स सैलून स्पा पर चिनहट पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई होती है य देखने वाली दिलचस्प बात होगी कि ऐसे ही चिनहट थाना क्षेत्र में देह व्यापार का धंधा फल फूलता रहेगा!

# फैसले का स्वागत, पीएम से अनुरोध जल्द राज्य का दर्ज बहाल हो- कांग्रेस वरिष्ट नेता कर्ण सिंह

एजेंसी




**जम्मू कश्मीर।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा है। इस दौरान अपने फैसले में पीठ की अध्यक्षता कर रहे देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के सभी राज्यों के पास विधायी और कार्यकारी शक्तियां हैं। संविधान का अनुच्छेद 370 अलग-अलग राज्यों को विशेष दर्जा देने का उदाहरण है। यह साफ तौर पर असममित संघवाद का उदाहरण है। जम्मू कश्मीर की भी अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। आइए जानते हैं सुप्रीम फैसले को लेकर लोगों का क्या कहना है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले सुनकर बहुत निराशा हुई- गुलाम नबी आजाद**

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सुनकर बहुत निराशा हुई। उन्होंने कहा कि वह पहले ही कह चुके हैं कि इस पर सिर्फ दो ही अदारे फैसला ले सकते हैं केंद्र सरकार या सुप्रीम कोर्ट। केंद्र सरकार तो अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को बहाल नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट यह उम्मीद थी, लेकिन आज यह उम्मीद भी खत्म हो गई। अनुच्छेद 370 और 35ए के साथ प्रदेश के लोगों को भाव जुड़े हुए थे। आज ये दोनों अनुच्छेद खत्म हो गए।

**यहां पहुंचने के लिए भाजपा को दशकों लगे, हम लंबी दौड़ के लिए तैयार- उमर अब्दुल्ला**

उमर अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वह इस फैसले से निराश हैं, लेकिन हतोत्साहित नहीं। उनकी पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में भाजपा को दशकों लग गए। हम भी लंबी दौड़ के लिए तैयार हैं।

**फैसले का स्वागत, पीएम से अनुरोध जल्द राज्य का दर्ज बहाल हो- कांग्रेस वरिष्ट नेता कर्ण सिंह**

महाराजा हरि सिंह के बेटे एवं कांग्रेस के विरिष्ट नेता कर्ण सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बारीकी से हर एक चीज को देखा है। सभी परिस्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट उस नतीजे पर पहुंची है। वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। लेकिन इस फैसले से जम्मू कश्मीर के कुछ लोगों को नाखुशी होगी। हालांकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि जो कुछ भी हुआ वह संवैधानिक रूप से वैध है। वह पीएम मोदी से अनुरोध करते हैं कि जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। जरूरी नहीं है कि पहले चुनाव हो फिर राज्य का दर्जा मिले। चुनाव हो तो राज्य के लिए हो, केंद्र शासित प्रदेश के लिए क्यों हों। चुनाव सिंतबर तक कराने की बात कही गई है ये अच्छी बात है।

**370 हमेशा हमारी राजनीतिक आकांक्षाओं का हिस्सा बना रहेगा- सज्जाद लोन**

जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने कहा कि अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला निराशाजनक है। एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के लोगों को न्याय नहीं मिल पाया। अनुच्छेद 370 भले ही कानूनी रूप से खत्म कर दिया गया हो, लेकिन यह हमेशा हमारी राजनीतिक आकांक्षाओं का हिस्सा बना रहेगा।

**'अनुच्छेद 370 और 35ए को जाना ही था- रि. ले. जनरल केजेएस ढिल्लो**

सेना के 15 कोर के पूर्व जीओसी रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल केजीएस ढिल्लो ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कहा अनुच्छेद 370 और 35ए को जाना ही था। पूर्व अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अपनी किताब 'कितने गाजी आए, कितने गाजी गए' में बहुत पहले ही लिख दिया था।'

**महबूबा बोलीं- यह हमारी हार नहीं, यह भारत देश की हार है**

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने एक वीडियो संदेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह जम्मू कश्मीर के लोगों की हार नहीं बल्कि भारत देश की हार है। उन्होंने इसे आइडिया ऑफ इंडिया की हार करार दिया। उन्होंने कहा, प्यारे हमवतनों, हिम्मत नहीं हारे, उम्मीद न छोड़े। जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला एक मुश्किल पड़ाव है, पर यह मंजिल नहीं है... हमारे विरोधी चाहते हैं कि हम उम्मीद छोड़कर इस शिकस्त को स्वीकार करें। यह हमारी हार नहीं यह भारत देश की हार है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कोई आश्चर्य नहीं -इल्तिजा मुफ्ती**

महबूबा मुफ्ती की बेटी एवं उनकी मीडिया सलाहकार इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कोई आश्चर्य नहीं है। यह फैसला संविधान को बरकरार रखने के बजाय बहुसंख्यकवादी भावना को बढ़ावा देता है। यह अलगाव इस बात से स्पष्ट दिखाता है कि पूरे देश में जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए काला दिन कैसे मनाया जा रहा है। सरासर शाडेनफ्रायड। बता दें, शाडेनफ्रायड- एक जर्मन शब्द है, जिसका अर्थ है दूसरे के दुर्भाग्य में खुशी का भावनात्मक अनुभव करना।

## जयाप्रदा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें, पुलिस अधीक्षक को आदेश



एजेंसी

**रामपुर।** आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा को एमपी-एमएलए कोर्ट ने झटका दिया है। कोर्ट ने उनके अधिवक्ता की दलील को खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही एसपी को पत्र लिखकर उनकी गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट की ओर से उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए हैं। अब इस मामले की सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। स्वार और केमरी थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 2019 में दो मुकदमे कायम कराए गए थे। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। स्वार में दर्ज एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और पूर्व सांसद को अपने बयान दर्ज कराने हैं। इसके बाद भी वह बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंच रही है। केमरी थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है, लेकिन पूर्व सांसद इस केस में कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। कोर्ट लगातार दोनों मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता असगर ने पूर्व सांसद की ओर से गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इसका अभियोजन की ओर से विरोध किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व सांसद का प्रार्थना पत्र खारिज करते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को आदेश दिए हैं कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी।

# यूपी के सरकारी स्कूलों में ये कैसी पढ़ाई, कहीं अश्लीलता तो कही की जा रही पिटाई

## एक वर्ष के भीतर अश्लीलता व रेप के मामलों में कम्प्यूटर अनुदेशक व दो अध्यापक भेजे गए जेल

**रिपोर्ट**

**सीएम के सख्त निर्देशो के बाबजूद सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं से शिक्षा के नाम पर हो रहा खिलवाड़।**

**द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह**



**शाहजहांपुर।** यूपी में बच्चो को बेहतर शिक्षा मिले इसलिए सीएम योगी आदित्यनाथ अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए नजर आते हैं यही नही बच्चो की शिक्षा को लेकर खिलवाड़ करने वालो पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं।बाबजूद इसके यूपी के शाहजहांपुर में सरकारी स्कूल इन दिनों शिक्षा की बात तो बहुत दूर विद्यालयों में शिक्षक छात्रों से अश्लीलता के मामले में जेल भेजे गए तो कहीं छात्रों की पिटाई के मामले में कार्यवाही की गयी।ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र किला स्थित कम्पोजिट विद्यालय का है जहाँ दोपहर के समय बच्चे स्कूल में खेल रहे कि खेलते समय गेंद एक अध्यापिका के जा लगी।अध्यापिका इतनी गुस्से में आ गयी कि उसने करीब आधा दर्जन छात्रों को डंडे से जमकर पीटा। चीखपुकार की आवाज सुनकर जब अभिभावक स्कूल पहुँचे तो अध्यापिका ने उनके सामने भी छात्रों को जमकर पीटा।यह देख अभिभावक आग बबूला हो गए और देखते ही देखते सैकड़ो की भीड़ जमा हो गयी।चारखम्बा मुख्य मार्ग पर अभिभावकों ने छात्रों को लेकर बीच रोड जाम कर दिया।सूचना पाकर थाना पुलिस से लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह मौके पर पहुँचे।जहाँ स्कूल में आरोपी अध्यापिका को पुलिस अपनी हिरासत में लेकर थाने ले गयी।तो वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी रनवीर सिंह ने प्राइम न्यूज को बताया कि इस मामले में आरोपी अध्यापिका को सस्पेंड कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

बड़ी हैरानी की बात है कि आम तौर पर स्कूलों में छात्र छात्राओं की शिकायतें आती थी जिसमे अभिभावकों को बुलाकर उन्हें छात्र छात्राओं की शिकायतों के बारे में जानकारी दी जाती थी।लेकिन शाहजहांपुर के सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं की शिकायतें नही बल्कि अध्यापकों की घिनौनी हरकतें सांमने आ रही है।कुछ माह पूर्व कोतवाली तिलहर क्षेत्र के सरकारी स्कूल में बच्चो से अश्लील हरकतें करने के मामले में बड़ा बबाल हुआ।जिसके बाद कम्प्यूटर अनुदेशक को जेल भेजा गया।दूसरी घटना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के सरकारी स्कूल के मास्टर साहब ने छात्रा की माँ से रेप के आरोप में जेल भेजे गए।तीसरी घटना थाना रोज़ा क्षेत्र सरकारी स्कूल की है जहां मास्टर साहब छात्राओं से अश्लील हरकतें पकड़े गए जिसके बाद उन्हें भी जेल भेजा गया और आज शहर के किला स्थित सरकारी स्कूल में महिला टीचर का कहर बच्चो पर बरपा।जिसमे कानूनी कार्यवाही जारी है। बहरहाल शाहजहांपुर के सरकारी स्कूल इन दिनों शिक्षा को छोड़ शिक्षकों द्वारा अश्लीलता व मारपीट करने को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं।

## विद्यालयों की साफ-सफाई पर फिर खर्च होंगे 15 करोड़

**हरदोई।** परिषदीय विद्यालयों में विगत पांच साल से शौचालय टायलेट क्लीनर से और फर्श फिनायल से साफ की जा रही है। खाने से पूर्व विद्यार्थी हैंडवाश से हाथ धो रहे हैं। यह हम नहीं विद्यालय में विगत पांच वर्ष से खर्च हो रही कंपोजिट ग्रांट के आंकड़ें कह रहे हैं। इस बार फिर विद्यालयों को 15 करोड़ की धनराशि स्थानांतरित की जा रही है। इससे यह सुविधाएं विद्यालयों को आगे भी मिलती रहे। जिले में 3446 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें चार लाख 39 हजार 245 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इन विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों को संसाधनों की कमी न हो, इसके लिए प्रतिवर्ष कंपोजिट ग्रांट के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। वर्ष 2018 से पूर्व प्राथमिक विद्यालय को पांच हजार और जूनियर हाईस्कूल को सात हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा, अतिरिक्त कक्षों के लिए धनराशि दस हजार तक भेजी जाती थी।

# ठेकेदार और किसान ने मिलकर आम और जामुन के पांच पेड़ उड़ाये

**❖ ठेकेदार ने चोरी करके काटे दो पेड़ किसान ने बताया कि हमने बेचे थे तीन पेड पर रात में ठेकेदार ने हमारे दो पेड़ बिना पूछे काट लिया कुल पेड़ पांच आम और जामुन।**

**द अचीवर टाइम्स प्रिंस पांडेय**



**सीतापुर।** थाना रामपुर कला के अंतर्गत ग्राम बालसिंहपुर ठेकेदार ने चोरी करके काटे दो पेड़ किसान ने बताया कि हमने बेचे थे तीन पेड पर रात में ठेकेदार ने हमारे दो पेड़ बिना पूछे काट लिया हरे भरे आम ओर जामुन के पेड़ पर चला आरा जहां एक ओर सरकारी पर्यावरण संरक्षण प्रदान करने के लिए हर जतन कर रही है। ताकि पर्यावरण संतुलन बने रहे। सभी लेकर सरकार पानी की तरह रूपा बहाकर लगातार नामांकन एवं जागरूकता अभियान चला रही है। ग्रीन यूपी, क्लीन यूपी बनाने के लिए सरकार सभी से आरक्षण की अपील कर रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस एवं वन विभाग के प्लांट के कारखाने वन माफिया बेखौफ हरियाली पर आरा चला रहे हैं।बताया जा रहा है कि ठेकेदार सलीम ने कुछ पेड़ की परमिट बनवाए थे और कुछ हरे भरी पेड़ों पर भी आरा चला दिया गया है और वही किसान का भी कहना है कि हमारे पेड़ चोरी से रात में काट लिए गए हैं और हमें पता भी नहीं है क्या वह किसान थाना रामपुर कला में प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्यवाही करने की अपील कर रहा है और वही बगल के खेत की एक महिला बोल रही है सारे पेड़ हमारे खेत में गिरा दिए गए हैं जिससे हमारा काफी फसल बर्बाद हो गई है अब क्या इस महिला किसान को इंसाफ मिल पाएगा या फसल की लागत दिया जाएगा क्या इस तरह के ठेकेदार पर वन विभाग यह पुलिस कोई कारवाई कर पाएगी अब देखना यह है।

# एक नज़र

## महमूदाबाद नगर पालिका ने लकड़ियों का बंदर बात शुरू

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**महमूदाबाद सीतापुर।** जिला अधिकारी के आदेश पर भी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद मुख्य चौराहे पर नही जलवाया गया अलाव बस स्टाप पुलिस चौकी पर मात्र एक ही लकड़ी से जलता हुआ मिला अलाव रामकुड़ा चौराहा, सरकारी पुरुष अस्पताल ,महिला अस्पताल मोती पुर चौराहा संकटा देवी मंदिर अमीर गंज आदि इन जगहों पर अलाव नही जलाया गया मात्र कागज पर खाना पूर्ति कर रहे है अधिकारी गण।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की श्रद्धांजलि दी गई

**द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा**



**रहीमाबाद ।** सोमवार को हिंदू जागरण मंच बैनर तले राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे श्रध्ये स्व.सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी की श्रद्धांजलि सभा हिंदू जागरण मंच कार्यालय रहीमाबाद में हिंदू जागरण मंच पर मनाई गई।जिसकी अध्यक्षता हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक संतोष सिंह ने की। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की श्रद्धांजलि दी गई और शोक सभा हुई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सर्व समाज के लोगों ने शामिल होकर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोगों ने सुखदेव सिंह के चित्र के समक्ष दो मिनट का मौन धारण कर वीर सपूत की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक सूर्यभान शांडिल्य ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए। वे व्यक्ति नहीं विचार थे कमजोर और असहाय लोगों की आवाज थे। उनकी हत्या कर कमजोर लोगों की आवाजों को दबाने का प्रयास किया गया है। हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक संतोष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वे केवल क्षत्रिय समाज के ही नहीं सनातन धर्म के रक्षक थे। उनकी हत्या राष्ट्रीय विचारधारा को रोकने का प्रयास है. देश में दो विचार धारा चल रही एक राम की और दूसरा रावण की।सुखदेव सिंह गोगामेड़ी श्री राम के विचारों पर चल कमजोरों के साथ खड़ा रहते थे जो रावण के विचार धारा वालों को पसंद नही था। उन्होंने कहा कि देश के वे इक्कश्वी सदी के महाराणा प्रताप थे हमसभी को उनके विचार धारा पर चलकर राष्ट्र विरोधी ताकतों को खत्म करना होगा। इस मौके पर क्षत्रिय महासभा संपूर्ण भारत जिला मीडिया सलाहकार रुद्र प्रताप सिंह मलिहाबाद, जिला युवा प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, खंड माल संयोजक सत्येंद्र सिंह, खंड मलिहाबाद संयोजक गुलजारी लाल, मनोज सिंह, अवधेश सिंह, भैया लाल, समर्थ ठाकुर (तिलन), भूपेंद्र विहिप जिला कार्यध्यक्ष, कीर्तिराज सिंह ,सियाराम, कन्हैयालाल लोधी, सुरेश कनौजिया, मुन्ना सिंह प्रधान, कृष्णपाल प्रजापति सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने व्यापारियों के साथ बैठक की



**द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा**

**माल,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के माल थाना में सोमवार को थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में नवागत थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने व्यापारियों के साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य मुद्दों पर बातचीत की। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी कुमार ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करें। दुकानों के आगे निर्धारित सीमा से अधिक सामान न रखें। बाजारों में जाम की स्थिति न बनने दें। पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा व सहयोग के लिए हैं। असामाजिक तत्वों के बारे में भी पुलिस को सूचना दें। बैठक में सर्दी के मौसम व धुंध के समय में रात के समय में दुकानों की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने इत्यादि मुद्दों पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने सहयोग देने का भरोसा दिया।थाना प्रभारी के साथ बैठक के दौरान अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई है, जिसमें समस्या के शीघ्र समाधान का विश्वास मिला है।इस मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहें।

# पुलिस द्वारा पीरामल फायनेन्स की टीम के साथ साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु 06 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**



**हरदोई।** पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम और जागरुकता हेतु 06 दिवसीय साइबर जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की गयी । जिसका उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षा और वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जागरुक करना है। इस पहल के तहत नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया आउटरीच, बैनर, पम्पलेट और अन्य गतिविधियां शामिल होंगी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पिरामल फायनेंस के साथ शुरू की गई इस पहल के अन्तर्गत अगले 06 दिनों में जनपद के 32 से अधिक स्थानों पर जाकर जनपदवासियों को जागरुक किया जाएगा। पिरामल फायनेंस के इन्फ्रास्ट्रक्चर (प्रचार वाहन,साउन्ड सिस्टम,पम्पलेट,बैनर और नाट्यकर्मी) के सहयोग से व्यापक जागरुकता कार्यक्रम कराया जा रहा है। जागरुकता कार्यक्रम से जनपद हरदोई का आम-जनमानस बडे पैमाने पर लाभान्वित होगा।इस पहल का उद्देश्य है, उन अनुभवों और साइबर खतरों के बारे में जागरूक करना, जिनका लोग दैनिक स्तर पर सामना करते हैं और उन्हें सतर्क रहने और वित्तीय साइबर धोखाधड़ी का शिकार न होने के लिए शिक्षित करना। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य है, संभावित साइबर खतरों को पहचानने, निवारक उपाय करने, धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने और लोगों को खुद को तथा अपने प्रियजनों को संभावित वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी । इसी क्रम में आज पुलिस कार्यालय हरदोई में सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों आदि) से बचाव की जानकारी दी गयी। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा साइबर जागरूकता हेतु टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात व पुलिस कार्यालय का समस्त पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा ।

## अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ चला अभियान, 97 हटवाई गई

**हरदोई।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर रविवार को शहर भर में होर्डिंग्स हटाओ अभियान चला। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में 97 होर्डिंग्स हटवाई गई। होर्डिंग्स लगाने वालों को चेतावनी भी जारी की गई है कि नगर पालिका परिषद की ओर से नियत स्थान पर ही शुल्क जमा कर होर्डिंग्स लगवाएं। दूसरी बार होर्डिंग्स लगी मिलने पर जुर्माना और तीसरी बार पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की टीम की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम ने डीएम चौराहा से पीडब्ल्यूडी गेस्ट तिराहा से अमर जवान चौक तक लगाई गई होर्डिंग्स और पोल पर लगवाए गए कटआउट को उतरा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि लोगों ने प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद से न तो अनुमति ली थी और न ही शुल्क जमा किया था।

# संदिग्ध हालत में ईंट भट्ठा मजदूर ने लगयीं फांसी



**❖ पंजाब ईट भट्ठा मजदूर ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया।**

**द अचीवर टाइम्स अभिषेक राजपूत**

**अतरौली हरदोई।** पंजाब ईट भट्ठा पे मजदूरी करने आये मजदूर ने अपनी झोपड़ी में फांसी लगा लिया जिसकी सूचना मीडियाकर्मियों को लगी जाँच पड़ताल करने पंजाब भट्ठे पे गए मीडिया के कई सवालों से कतराते रहे वहाँ के मजदूर कई घण्टे बाद मजदूर का पता लगाया गया कि मृतक का शव झोपड़ी के अंदर ही है मृतक के सर से ब्लड निकला हुआ दिखाई पड़ रहा था सर से खून से शक है कि कही मार पीट तो नही हुई है सत्येंद्र कुमार पिता महेंद्र कुमार उम्र 40 निवासी अहमदपुर जिला शामली कई सालों से पंजाब ईट भट्ठे पर कच्ची ईट भराई का कार्य करते थे ठेकेदार की पत्नी ने बताया कि मैं रात को आपने झोपड़ी से काम से जा रही थी तो देखा कि सत्येंद्र एक नारियल की रस्सी से पाइप में लटकता दिखा तो आपने लड़के को बुलाया लड़के ने पुलिस को शाम के पांच सूचना दिया पुलिस सुबह शव को कब्जे में दिया पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धीरज शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश जूनियर खो-खो खेल प्रतियोगिता नेशनल टीम के लिए हुआ विकास का चयन

**❖ उन्नाव से खो-खो टीम प्रतियोगिता में हसनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटरिया निवासी विकास ने मारी बाजी कर्नाटक नेशनल खेल प्रतियोगिता के लिए हुए रवाना।**

**❖ विकास ने हसनगंज उन्नाव उच्च प्राथमिक विद्यालय मटरिया व अपने अध्यापक, माता-पिता का नाम किया रोशन।**

**द अचीवर टाइम्स, महेन्द्र कुमार**



**हसनगंज (उन्नाव)।** हसनगंज तहसील क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मटरिया हसनगंज उन्नाव के रहने वाले विकास पुत्र शिवकुमार ने अपने माता-पिता गुरुजनों को खेल प्रतियोगिता में अपनी जीत दर्ज कर उन्नाव का नाम किया रोशन जो कर्नाटक में आयोजित होने वाली नेशनल खो-खो खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 11 दिसंबर 2023 को हुए रवाना। मिली जानकारी के अनुसार 33वीं जूनियर खो-खो नेशनल ट्रायल शाहजहांपुर में 3 दिसंबर को आयोजित हुआ था जिसमें पूरे प्रदेश से 600 खिलाड़ियों ने ट्रायल में प्रतिभा किया था जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय मटेरिया हसनगंज उन्नाव के विकास का चयन नेशनल टीम में हुआ। जो अब कर्नाटक में नेशनल लेवल पर खेली जाने वाली खो-खो खेल प्रतियोगिता का उत्तर प्रदेश की टीम की तरफ से करेंगे प्रतिनिधित्व।

**इनसेंट-** बृजेश कुमार सागर सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय मटरिया के अथक प्रयास से विकास को खो-खो की बारीकियो से अवगत कराया। कहा विकास उन्नाव की खो-खो की टीम का पहला बच्चा है जो उन्नाव से पहला नेशनल खेल रहा है। सहायक अध्यापक बृजेश कुमार सागर अपनी हेड इंचार्ज सोमना श्रीवास्तव व हसनगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार का बहुत-बहुत दिल से आभार व्यक्त किया कहा जिन्होंने मुझे विकास को ट्रायल खो-खो प्रतियोगिता में ले जाने दिया और मैं प्राथमिक विद्यालय मटरिया के सूर्यकांत भारती जी का भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो मेरे साथ शाहजहांपुर गए थे।

# दुबग्गा सब्जी मंडी में चेक पोस्ट का ऑफिस बन गया आलू की दुकान

**❖ ऑफिस पर दबंगों ने कब्जा कर खोल दी में दुकान।**

**❖ मंडी के अधिकारी जानकर भी बने अंजान।**

**❖ सुबह अवैध दुकान की वजह से लगता भीषण जाम।**

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।



लखनऊ।एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सरकारी सम्पत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का अभियान चला रही है।तो वहीं राजधानी में ही सरकारी ऑफिस पर दबंगों ने सरकार के नियमों को धता बताते हुए बल पूर्वक अपना कब्जा जमा लिया है।राजधानी की सबसे बड़ी फल एवं सब्जी मंडी में वैसे तो अवैध कब्जों की भरमार है।लेकिन हद तो तब हो गई,जब मंडी के निकासी द्वार के चेक पोस्ट के ऑफिस पर अवैध कब्जा हो गया।अब ऑफिस में कुछ दबंग किस्म के लोग अपनी आलू की दुकान चला रहे हैं।मंडी के अधिकारी भी अवैध वसूली करने के चक्कर में सबकुछ जान कर भी अंजान बने हुए हैं। दुबग्गा सब्जी मंडी में कुल चार गेट हैं।जिसमें से गेट नम्बर चार निकासी एवं चेक पोस्ट बनाया गया है।जिसके ऑफिस में वर्तमान समय में एक आलू की दुकान खुली हुई है।बताया जाता है कि उक्त ऑफिस पर मोहम्मद यामीन नामक व्यक्ति ने दबंगई के बल पर अपना कब्जा जमा कर आलू की दुकान खोल दी है।ऑफिस में बैठने वाला मंडी का स्टाफ जोकि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी है।वह भी अपने अधिकारियों की आँख मिचौली के कारण कुछ करने में अपने को असहाय महसूस कर रहे हैं।मंडी प्रभारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।मंडी की सचिव रेनू वर्मा ने इस सम्बंध में बताया कि उनको इसकी जानकारी नहीं है,यदि ऐसा है तो बहुत गलत है,इस पर जाँच करा कर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) का धरना प्रदर्शन

## 07 बिंदुओं की मांग पत्र के अनुकूल वन प्रभाग में भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**❖ आम क़लम परमिट से छूट को लेकर सरकार के आदेश को लागू करने की मांग।**

**द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा**



**हरदोई/सण्डीला।** वन क्षेत्र सण्डीला रेन्ज में पूर्व में तैनात रहे उप वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 में फर्जी वृक्षारोपण, मानक विहीन तालाबों की खोदाई, वन सुरक्षा खाई में लाखों रूपये का भ्रष्टाचार किया गया है व लकड़ी कटान के कई ठेकेदारों से जुर्माने का पैसा लेकर रसीद नहीं दी गई है के सम्बंध में भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान के द्वारा सण्डीला में सोमवार को धरना प्रदर्शन कर अपनी सात बिंदुओं की मांग को मांगपत्र के माध्यम से उपजिलाधिकारी सण्डीला को सौंप कर जांच व कार्यवाही की मांग की है। तो वित्तीय वर्ष 2022 व 2023 में कितना रूपया वसूला गया था वसूले गये जुर्माने के रूपयों की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। वन सुरक्षा खाई के नाम पर फर्जी तरीके से धन निकाला गया जिसकी जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। किसानों के कलमी आम पेड़ों के कटान हेतु 2500-3000 रूपये से प्रति पेड़ों पर परमिट के नाम पर धन उगाही करने की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। अभिवाहन पास की रकम से 10 गुना अधिक राशि जबरदस्ती वसूलने की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। वन विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा जुर्माना राशि लेकर जुर्माना रसीद न दिये जाने के सम्बन्ध में जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। उपरोक्त सभी विन्दुओं की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही न होने की स्थित में संगठन द्वारा बड़ा निर्णय लेने के लिए मजबूर होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी अधिकारी सी के पांडे ने यह आश्वासन दिया सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर पूरे मामले की रिपोर्ट 15 दिन के अन्दर डीएफओ हरदोई को सौंप दी जाएगी धरना प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, अशोक भारती , प्यारेलाल, धर्मेंद्र सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे

# बीती रात चोरों का तांडव जेवर समेत ले उड़े लाखों की नगदी



**द अचीवर टाइम्स-नीरज शुक्ला**

**रामनगर बाराबंकी।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरकौली भूड़ में रविवार की रात चोरों ने जमकर तांडव किया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार विचित्र कुमार सिंह पुत्र अहिबरन सिंह निवासी सिरकौली भूड़ के घर बीती रात चोर खिड़की का दरवाजा तोड़कर मनीष सिंह पुत्र विचित्र कुमार सिंह के कमरे के अंदर घुस गए और कमरे मे रखे जेवर सहित कपड़े उठा ले गए। परिजनों ने बताया कि मनीष किसी काम से लखनऊ गया था और उसकी पत्नी अपने मायके गोंडा गयी थी। इसके बाद पड़ोस में रह रही सुमन सिंह पत्नी स्वर्गीय देवी सरन सिंह के घर कूद गए वहां पर उन चोरों ने घर में रखी नगद रुपये समेत जेवर व घर की कीमती गिरस्ती लेकर जाने में सफल रहे। भोर पहर जब विचित्र कुमार का मंझिला बेटा आशीष सिंह पेशाब करने के लिए उठा तो देखा कि बाहर से दरवाजा बन्द है इसके बाद उसने रोने चिल्लाने लगा। जिससे पूरे गांव में हड़कम्प मच गया।

इसके बाद परिजनों ने पीआरवी 112 को सूचना दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के द्वारा पेट्रोलिंग कर जांच की गई, जब सुबह हुई तो परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर पुलिस प्रशाशन से मदद की गुहार लगाई है।

# यूपी सहित 21 राज्य सड़क हादसे रोकने के लिए एकजुट

# राष्ट्रीय कार्यशाला में 12 बिंदुओं पर काम का संकल्प

संवाददाता

**लखनऊ।** ऐसे में हादसे रोकने के लिए यूपी सहित 21 राज्य एकजुट हुए हैं और ये 12 बिंदुओं पर मिलकर काम करेंगे। यह निर्णय यूपी और बंगलूरू के क्षेत्रीय निरीक्षकों ने कानपुर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित सड़क सुरक्षा और नवाचार पर राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन लिया गया। वाहनों की बढ़ती संख्या, सड़कों के खराब डिजाइन, गड्ढे, यातायात नियमों की अनदेखी और अफसरों की लापरवाही आदि वजहों से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। ऐसे में हादसे रोकने के लिए यूपी सहित 21 राज्य एकजुट हुए हैं और ये 12 बिंदुओं पर मिलकर काम करेंगे। यह निर्णय यूपी और बंगलूरू के क्षेत्रीय निरीक्षकों ने कानपुर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित सड़क सुरक्षा और नवाचार पर राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन लिया गया। कार्यशाला में सिकर, राजस्थान के एआरटीओ और रोड सेफ्टी के मुख्य सलाहकार वीरेंद्र सिंह राठौर ने सड़क सुरक्षा से जुड़े 12 बिंदुओं का प्रेजेंटेशन दिया। कार्यशाला में महाराष्ट्र, बिहार, मध्यप्रदेश, केरल, बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अतिरिक्त समापन सत्र में क्षेत्रीय निरीक्षकों ने यह बात भी कही कि सड़क हादसे रोकने के लिए अफसरों को अपनी जिम्मेदारी ढंग से निभानी होगी। बगैर आवेदक आए ड्राइविंग टेस्ट में पास करना और बगैर वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करना आपराधिक कृत्य है। उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार और विष्णु कुमार ने सभी डेलीगेट को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाराष्ट्र के क्षेत्रीय निरीक्षक सचिन कुमार ने बताया कि सड़क की डिजाइन के हिसाब से संकेतक, चिह्न का होना जरूरी है।




ब्लैक स्पॉट की परिभाषा, पहचान और सुधार पर काम करने की जरूरत है। सड़क निर्माण ट्रैफिक इंजीनियर की निगरानी में होना चाहिए। हर छह महीने में सड़क सुरक्षा ऑडिट हो।

**इन बिंदुओं पर करेंगे काम**

जिन बिंदुओं पर काम करेंगे उनमें राजमार्गों पर जीरो एक्सीडेंट के लिए विशिष्ट रणनीति बनाने, एक दिवसीय व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने, मुख्यमंत्री हेलमेट प्रोत्साहन, शिक्षा, जागरूकता अभियान, यूपी सड़क सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता मिशन में शामिल करने, क्रैश इन्वेस्टिगेशन यूनिट की स्थापना करने, मुख्यमंत्री सर्वाधिक सुरक्षित विद्यालय पुरस्कार योजना बनाने, सभी ब्लॉक स्तर के लिए सीएम ग्रामीण लोक परिवहन सेवा योजना, पीपीपी मॉडल के जरिये राजमार्गों पर ट्रॉमा सेंटरों की स्थापना, खेल के मैदानों सहित ट्रैफिक पार्क व ड्राइविंग ट्रैक बनाने, वाहन चालकों के प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहन योजना बनाने, सड़क सुरक्षा प्राधिकरण अधिनियम लाने पर काम करने व सभी जिला मुख्यालयों पर व्यापक मीडिया अभियान की रूपरेखा बनाने की बात शामिल है।

**रिक्त पद भरने की उठी मांग**

उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय निरीक्षकों की संख्या बेहद कम है। यही नहीं दूसरे जितने पद स्वीकृत हैं, उनमें भी आधे से अधिक खाली पड़े हैं। इससे काम प्रभावित हो रहा है। कुल 123 पदों के सापेक्ष सिर्फ 66 निरीक्षक ही तैनात हैं। इन्हें वर्दी व धुलाई का पैसा भी नहीं दिया जाता, जबकि अन्य राज्यों में इसके लिए 10 हजार रुपये तक मिलता है। क्षेत्रीय निरीक्षकों के पास कार्यों की भी अधिकता है। ऐसे में खाली पदों को जल्द भरे जाने की मांग की गई।

## तिहरा हत्याकांड अंजाम देने वाले अभियुक्तों की समयपूर्व रिहाई याचिका नामंजूर

**लखनऊ।** बता दें कि केंद्रीय कारागार आगरा में निरुद्ध कैदी जर्नादन, कालीचरन और सुभाष अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र के ईकरी गांव के निवासी हैं। तीनों ने अपने 12 साथियों के साथ मिलकर 28 जुलाई 1994 को घातक हथियारों की मदद से राम सिंह, वीरपाल, मंगल सिंह की हत्या कर दी थी। करीब तीस साल पहले अलीगढ़ में तीन लोगों की हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों की समयपूर्व रिहाई की याचिका को राज्यपाल ने नामंजूर कर दिया है। शासन ने इसकी जानकारी कारागार मुख्यालय को दी है। तीनों वर्तमान में आगरा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। बता दें कि केंद्रीय कारागार आगरा में निरुद्ध कैदी जर्नादन, कालीचरन और सुभाष अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र के ईकरी गांव के निवासी हैं। तीनों ने अपने 12 साथियों के साथ मिलकर 28 जुलाई 1994 को घातक हथियारों की मदद से राम सिंह, वीरपाल, मंगल सिंह की हत्या कर दी थी।

## सपा, सुभासपा, अपना दल, निषाद पार्टी की तरह परिवार के बाहर नहीं सोच पाई बसपा

संवाददाता

**लखनऊ।** मायावती द्वारा रविवार को अपने भतीजे और नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित करने की घोषणा के बाद एक बार फिर परिवारवाद की राजनीति पर चर्चा शुरू हो गई है। विधान परिषद और विधानसभा में मात्र एक-एक सदस्य के साथ अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही मायावती ने लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर यह बड़ा राजनीतिक दांव खेला है। बसपा सुप्रीमो मायावती भी देश व प्रदेश के दूसरे कई राजनीतिक दलों की तरह परिवारवाद की राह पर चल दी हैं। मायावती द्वारा रविवार को अपने भतीजे और नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित करना इसका प्रमाण है। विधान परिषद और विधानसभा में मात्र एक-एक सदस्य के साथ अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही मायावती ने लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर यह बड़ा राजनीतिक दांव खेला है। बसपा सुप्रीमो की इस घोषणा के बाद एक बार फिर परिवारवाद की राजनीति पर चर्चा शुरू हो गई है। विश्लेषक मानते हैं कि इसने राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और जनता को सोचने का विषय दिया है कि पार्टियों के परिवारवाद में उनका महत्व कहां और कितना हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बसपा संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम राजनीति में परिवारवाद के विरोधी थे। उन्होंने अपने भाई दरबारा सिंह से लेकर अन्य परिवारजन को राजनीति से दूर रखकर मायावती को बसपा का उत्तराधिकारी बनाया था। लेकिन अब मायावती ने भी परिवारवाद की ही राह अपनाई है। मायावती ने पहले अपने भाई आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया। अब भतीजे को उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। मायावती ने पहले यह संकेत दिए थे कि उनका उत्तराधिकारी जो भी होगा वह उनसे छोटी उम्र को होगा। आकाश को जिस तरह से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बसपा के चुनाव प्रचार की कमान सौंपी गई थी। उससे संकेत मिल रहे थे कि मायावती जल्द उन्हें उत्तराधिकारी घोषित कर सकती है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में उम्मीद के हिसाब से सफलता न मिलने के बाद मायावती ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने परंपरागत दलित वोट बैंक को साधने के लिए दांव खेला है। आकाश को उत्तराधिकारी घोषित कर उन्होंने दलित वोट बैंक को बिखरने से रोकने और बसपा के साथ लामबंद रखने की कोशिश की हैं। साथ ही युवा वर्ग को साधने के लिए बड़ी हैसियत के साथ आकाश को आगे बढ़ा दिया है। आकाश न सिर्फ युवा हैं बल्कि टेक्नोसेवी भी हैं और युवाओं से कनेक्ट बनाते नजर आते हैं। मायावती की इस घोषणा ने एक बार फिर प्रदेश में परिवारवाद की राजनीति का मुद्दे को हवा दे दी है। राजनीतिक विश्लेषक रतनमणि लाल का मानना है कि मायावती ने सत्ता में रहने के दौरान भी पार्टी में कभी दूसरी पंक्ति तैयार नहीं की थी। उसकी वजह यह है कि वह किसी पर जल्द और ज्यादा विश्वास नहीं करती हैं। यही वजह है कि राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा सहित चंद नेताओं को छोड़ दें तो बाकी सभी पुराने दिग्गज नेता मायावती को छोड़कर चले गए हैं।

**जनता और कार्यकर्ताओं के लिए सोचने का विषय**

रतनमणि लाल मानते हैं कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और जनता के लिए सोचने का विषय है कि किस तरह राजनीतिक दल जनता के वोट और कार्यकर्ताओं की मेहनत से सिर्फ परिवार को आगे बढ़ाते हैं। इससे कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता प्रभावित होती है कि वह चाहें कितनी भी मेहनत और समर्पण से काम करें लेकिन जब महत्वपूर्ण पद की बात आएगी तो परिवार के किसी सदस्य को ही चुना जाएगा।

**मिशन से जुड़े कार्यकर्ता आहत होते हैं**

वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी कहते हैं कि स्वर्गीय कांशीराम ने बहुजन मिशन के साथ पार्टी की स्थापना की थी। लेकिन अब वह परिवार की पार्टी बन गई है। राजनीतिक दलों के परिवारवाद से वे कार्यकर्ता आहत होते हैं जो किसी समाज या देश के मिशन को लेकर उनसे जुड़ते हैं। ऐसे में अब तमाम परिवारवादी दलों में वे ही लोग जुड़ रहते हैं जो चुनाव लड़ना चाहते हैं ताकि पार्टी के टिकट पर उस दल या समाज से जुड़े लोगों का वोट मिल जाए। उनका कहना है कि मायावती को आकाश को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना था। यही वजह है कि समय रहते उन्होंने अधिकतर वरिष्ठ नेताओं को पार्टी से बाहर कर दिया।

**परिवारवाद का पर्याय सपा**

प्रदेश के राजनीतिक हल्कों में समाजवादी पार्टी को परिवारवाद का पर्याय माना जाता है। सपा के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने 2012 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया था। 2016-17 में पार्टी के नेतृत्व को लेकर छिड़ी जंग में सपा की कमान अखिलेश यादव को मिली। वर्तमान में अखिलेश यादव के चाचा प्रो. रामगोपाल यादव पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव हैं। दूसरे चाचा शिवपाल यादव भी पार्टी के महासचिव हैं। अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से सपा की सांसद हैं। सपा के परिवारवाद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अखिलेश के विधायक निर्वाचित होने के बाद उनके इस्तीफे से खाली हुई आजमगढ़ सीट पर चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया गया। हालांकि धर्मेंद्र चुनाव हार गए। स्वर्गीय मुलायम सिंह के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी सीट पर राजनीतिक विरासत में वह सीट डिंपल यादव को मिली। इससे पहले चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव बदायूं और अक्षय यादव फिरोजाबाद से सांसद रहे हैं।

**भाजपा में नेताओं का परिवारवाद**

भाजपा भले ही दूसरे दलों पर परिवारवाद का आरोप लगाती है। लेकिन भगवा दल भी परिवारवाद से अछूता नहीं हैं। पार्टी में दिग्गज नेताओं का परिवारवाद चलता रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह नोएडा से दूसरी बार विधायक होने के साथ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा से सांसद हैं। उनके बेटे संदीप सिंह योगी सरकार में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। सपा से भाजपा में आए पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल के बेटे नितिन अग्रवाल आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। इनके अतिरिक्त भी भाजपा सरकार के मंत्रियों और सांसदों के परिवारजन जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष हैं।

## एक नज़र

### लखनऊ पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद

एजेंसी



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर हैं। जहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। उनके लखनऊ आगमन पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज और कल लखनऊ में रहेंगी। सोमवार को लखनऊ पहुंचने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति विराजखंड गोमती नगर स्थित डिवाइन हार्ट अस्पताल के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद हैं। इस मौके पर उनके साथ राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य मौजूद हैं। राष्ट्रपति कल सुबह 11 बजे से ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट को छावनी में तब्दील कर दिया गया। रविवार को पूरा दिन एयरपोर्ट के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कई स्थानों पर बैरियर भी बनाए गए हैं। राष्ट्रपति के स्वागत व यहां से उनका काफिला रवाना करने का पूर्वाभ्यास भी किया गया था।

### प्रदेश में तेजी से लुढ़का पारा, बरेली की रात रही सबसे ठंडी, जानिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान



**लखनऊ।** आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पछुआ असर दिखा रही है। आसमान भी साफ हो चुका है, इसके कारण रात के पारे पर असर दिख रहा है। चक्रवाती बारिश बीतने के बाद प्रदेश में मौसम बदल गया है। पारे में गिरावट के साथ ही सर्दियों के बढ़ने का दौर शुरू हो चुका है। हवाएं भी अपने तेवर दिखाने लगी हैं। इस बीच लखनऊ समेत प्रदेश में रातें सर्द होने लगी हैं। 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट आई है। बरेली में रात का पारा सबसे कम 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।यह सिलसिला फिलहाल जारी रहने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पछुआ असर दिखा रही है। आसमान भी साफ हो चुका है, इसके कारण रात के पारे पर असर दिख रहा है। प्रदेश में सबसे सर्द रात बरेली की रही, यहां पर 7 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड हुआ। इसी तरह नजीबाबाद में 7.8 डिग्री, मुजफ्फरनगर में 8..8 डिग्री सेल्सियस रहा पारा। जबकि बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज, मेरठ में पारा 10 से 11 डिग्री के बीच रहा। लखनऊ में तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री से 26.7 डिग्री के बीच रहा। गाजीपुर में पारा 15..8 डिग्री था, जो घटकर 11 डिग्री रह गया यानी 4.8 डिग्री की गिरावट आई। इसी तरह बलिया में 16 डिग्री से गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान।

**हवा से धूप बेअसर, पांच दिन में 5 डिग्री गिरा रात का पारा**

दिसंबर के दिन जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे, ठंड असर दिखाने लगी है। रविवार को हवा की तेजी के आगे धूप बेअसर रही, पारे में गिरावट का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन और रात के पारे का लुढ़कना जारी रहेगा। बीते पांच दिन में पांच डिग्री तक गिर गया लखनऊ का न्यूनतम पारा। इस सप्ताह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, सक्रिय पश्यिमी विक्षोभ व चक्रवात का प्रभाव समाप्त हो चुका है। पछुआ हवा चलने लगी और आसमान से बादल छंटने लगे हैं। इसके कारण राजधानी लखनऊ समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर भाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। ठंडे व रेगिस्तानी व हिमालयी क्षेत्रों से आ रही शुष्क ठंडी हवाओं की गति बढ़ने से आगामी दो-तीन दिन अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट के आसार हैं। हवा की रफ्तार इस वक्त 20 से 22 किमी प्रति घंटा है। इसके कारण कोहरे का घनत्व घटेगा और कोहरा बढ़ने के भी आसार हैं।

### तेंदुवें ने छठवें बच्चे को बनाया शिकार, लगातार मौतों से सहमे ग्रामीण, गांवों में हाहाकार

**लखनऊ।** हरैया थाना क्षेत्र के गांव में एक तेंदुए ने 10 वर्षीय बच्चे पर हमलाकर उसे मार डाला। इलाके में तेंदुआ अब तक छह बच्चों को मार चुका है। अब तक पांच बच्चों को अपना निवाला बना चुके आदमखोर तेंदुए ने गुरूवार की शाम एक और बालक को मार डाला। छठवीं मौत से सोहेलवा क्षेत्र के गांवों में हाहाकार मच गया है। लोगों की अब वन विभाग की कार्रवाई से भरोसा भी उठने लगा है। एक महीने से क्षेत्र की रखवाली कर रहे चार जिलों की टीमें अब तक कुछ नहीं कर सकीं हैं। हरैया थाना क्षेत्र के जंगल से सटे धर्मपुर गांव में बकरी चराने गए दस वर्षीय समीर अंसारी को तेंदुए ने शिकार बना लिया। पिता शफीक अंसारी मेहनत मजदूरी करने मुंबई गए हैं। मृतक की मां रूखवाना ने बताया कि बेटा समीर अंसारी तीन बजे घर से गांव के दक्षिण पंचायत भवन के पास बकरी चरा रहा था। झाड़ी से निकल कर तेंदुआ समीर अंसारी को मुंह में दबोचकर भाग गया साथ में बकरी चराने गए अन्य बच्चों के चिल्लाने पर तथा ग्रामीणों के घेराव करने पर शव को झाड़ी में छोड़कर भाग गया।

# बिना नक्शा बने दो होटल व तीन शॉपिंग मॉल होंगे ध्वस्त

## चलेगा बुलडोजर, मचा हड़कंप

एजेंसी

**लखनऊ।** बहराइच में बिना नक्शा व पार्किंग के इंतजाम के निर्माण कराए गए दो होटल व तीन मॉल को धराशायी करने का आदेश जारी किया गया है। इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप है। बहराइच शहर में बिना नक्शा पास कराए संचालित किए जा रहे दो होटल व तीन शांपिग मॉल को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट की इस कार्रवाई से ऐसे लोगों में हड़कंप मच गया है जो नियमों के विपरीत होटल व शापिंग कांप्लेक्स संचालित करने का काम कर रहे हैं। सभी पर आरोप है कि इनके यहां पार्किंग का भी इंतजाम नहीं है। इन सभी को कई बार नोटिस जारी होने के बाद भी ध्यान नहीं दिया तो अब यह कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। शहर में विभिन्न इलाकों में स्थापित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य किये जाने व समुचित पार्किंग व्यवस्था न होने के मामले में पहली बार बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को धराशायी करने की बात कही है। यह जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि सिविल लाइन स्थित होटल पाल, भारत संचार निगम लिमिटेड के निकट स्थित होटल रेजेन्सी, इन्दिरा स्टेडियम के निकट स्थित टेन्डस, डिगिहा तिराहा स्थित मेगा शॉप व सिटी कार्ट मॉल को धराशायी करने का आदेश पारित किया गया है। अब आदेश के बाद जल्द ही इन पांचों प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर चलने की कार्रवाई हो सकती है।



**बिना नक्शा के होटल व मॉल की भरमार**

भले ही पांच व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर को धराशायी करने का आदेश जारी किया गया हो लेकिन शहर में बिना मानचित्र व पार्किंग इंतजाम के चलने वाले ऐसे तमाम प्रतिष्ठान है। कई होटल, लॉज, शांपिग मॉल व बड़ी बड़ी इमारते हैं जो नक्शे के बिना ही संचालित की जा रही है। ऐसे में अब अन्य लोगों के खिलाफ भी शिकंजा कसा जा सकता है। इसको लेकर ऐसे लोग अपने बचाव के लिए जुगाड़ लगाने में भी जुट गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर का कहना है कि शहर में बिना मानचित्र व पार्किंग व्यवस्था के संचालित हो रहे पांच व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को धराशायी करने का आदेश जारी किया गया है। जो भी होटल व मॉल बिना नक्शा बने हैं उनके खिलाफ भी जल्द ही कार्रवाई होगी।

# सीएम योगी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कही ये बात

## पीएम मोदी का जताया आभार

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का अभिनंदन किया है और इसके लिए पीएम मोदी का आभार जताया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई है और कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अभिनंदनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा धारा 370 और 35, के संबंध में दिया गया निर्णय अभिनंदनीय है। यह %एक भारत-श्रेष्ठ भारत% की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला है। %राष्ट्र प्रथम% की भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ने वाले ऐतिहासिक कार्य के लिए 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से उनका पुनः हार्दिक आभार!



**निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख क्षेत्र सुशासन, विकास और समृद्धि के नए मापदंड स्थापित करेंगे।**

बता दें कि 11 दिसंबर के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली संविधान पीठ ने 5 अगस्त 2019 के केंद्र सरकार के फैसले को संवैधानिक रूप से वैध माना है, जिसमें जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला किया गया था।

## हर टीबी मरीज का होगा पंजीकरण, पीएचसी व सीएचसी पर ट्रूनाट मशीन से होगी टीबी की जांच

**लखनऊ।** सरकार की ओर से पंजीकृत टीवी मरीजों को हर माह 500 रुपये दिया जाता है। कई बार मरीजों के पंजीकरण में दिक्कत होती है। ऐसे में वह पोषण राशि से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए सरकार की ओर से हर माह 15 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्रों पर निक्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में हर टीबी मरीज का पंजीयन करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। पंजीयन के बाद संबंधित मरीज के खाते में निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह 500 रुपये भेजा जाएगा। सरकार की ओर से पंजीकृत टीवी मरीजों को हर माह 500 रुपये दिया जाता है। कई बार मरीजों के पंजीकरण में दिक्कत होती है। ऐसे में वह पोषण राशि से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए सरकार की ओर से हर माह 15 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्रों पर निक्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त पीसीएस अफसर की बेटी से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म

## नशीला पदार्थ पिलाकर की वारदात

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ में रिटायर्ड पीसीएस अफसर की बेटी से हैवानों ने चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे मुंशीपुलिया पर छोड़कर भाग निकले। वजीरगंज थाने में केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी की बेटी को तीन युवक बहाने से अपने साथ ले गए और जबरन नशीला पदार्थ पिलाया कर चलती कार में गैंगरेप किया। घटना के बाद आरोपियों ने उसे मुंशीपुलिया के पास छोड़ा और भाग निकले। रविवार को वजीरगंज थाने में गैंगरेप का केस दर्ज किया गया और पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कार बरामद कर ली है। डीसीपी पश्चिम राहुल राज के मुताबिक विभूतिखंड इलाके में सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी की 22 साल की बेटी रहती है। उनका केजीएमयू मानसिक रोग विभाग में इलाज चल रहा है। युवती अक्सर इलाज के लिए वहां अकेले आया करती थी। इस दौरान बाहर चाय की दुकान पर काम करने वाले मड़ियांव निवासी सत्यम मिश्र से उसकी जान-पहचान हो गई। पांच दिसंबर को युवती इलाज के लिए पहुंची। डॉक्टर को दिखाने के बाद वह सत्यम की दुकान चाय पीने पहुंच गई। इस दौरान उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। उसने सत्यम से मोबाइल चार्ज करने के लिए कहा तो सत्यम ने एंबुलेंस चालक बाजारखाला निवासी मोहम्मद असलम की एंबुलेंस में मोबाइल को चार्जिंग पर लगवा दिया। कुछ देर के बाद युवती ने सत्यम से अपना मोबाइल लेकर आने की बात कही तो उसने बताया कि एंबुलेंस चालक गाड़ी लेकर डालीगंज चला गया है। सत्यम युवती को ई-रिक्शे से डालीगंज लेकर पहुंचा तो युवती को बताया गया है कि एंबुलेंस आईटी चौराहे पर है। वह लोग वहां पहुंचे तो कोई नहीं मिला। इस बीच वैगनआर कार सवार चाय दुकान मालिक बाजारखाला निवासी मोहम्मद सुहैल और असलम पहुंचे। उन लोगों ने सत्यम और युवती को अपनी कार में बैठा लिया।




**बाराबंकी सफेदाबाद ढाबे पर खिलाया खाना और जबरन नशीला पदार्थ पिलाया**

आईटी चौराहे से कार में युवती को बैठाने के बाद आरोपी बाराबंकी सफेदाबाद एक ढाबे पहुंचे। पहले उन लोगों ने साथ मिलकर खाना खाया। इसके बाद युवती को जबरन नशीला पदार्थ पिला दिया। युवती कुछ ही देर में नशे में हो गई तो आरोपियों ने उसको जबरन दोबारा गाड़ी में बैठा लिया और चलती कार में गैंगरेप किया। युवती के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। इसके बाद आरोपी युवती को कार से मुंशीपुलिया पर छोड़कर भाग निकले। वहां से वह अपनी सहेली के घर पहुंची और सारी बात बताई। वहां से युवती किसी तरह अपने घर पहुंची।

**पुलिस का दावा, पांच दिन बाद शिकायत लेकर पहुंची पीड़िता**

डीसीपी का कहना है कि घटना के बाद युवती काफी डरी-सहमी थी। इसके चलते उसने शिकायत नहीं की। रविवार को उसने हिम्मत जुटाई और सारी बात परिजनों को बताई। सूत्र बताते हैं कि युवती सबसे पहले शिकायत लेकर विभूतिखंड थाने पहुंची तो घटना के बारे में पश्चिम जोन के अधिकारियों को बताया गया। मामले की गंभीरता देखते हुए फौरन वजीरगंज थाने में गैंगरेप का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने सोमवार को तीनों आरोपियों सत्यम, सुहैल और असलम को शिक्षा भवन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई असलम के भाई की वैगनआर कार भी बरामद कर ली है।

**अश्लील वीडियो बनाए जाने की आशंका, मोबाइल फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया**

एडीसीपी सीएन सिन्हा ने बताया कि आरोपी सुहैल और असलम के पास से दो मोबाइल फोन मिले हैं। दोनों के मोबाइल पुलिस ने जब्त कर लिए है। युवती का अश्लील वीडियो बनाए जाने की आशंका को लेकर दोनों के मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

## सम्पादकीय

# काली कमाई के ब्लैकहोल के नए आइकन!

ऐसे में धीरज साहू 21 वीं सदी में दो नंबर की रकम के हिमालय को घर में रखने वाले रोकड़ा रोही हैं। दिलचस्प बात यह है कि लोगों की रूचि धीरज ने यह पैसा कैसे कमाया और इस कमाई को टैक्स बचाने की खातिर कैसे बचाया, से भी ज्यादा इस बात में है कि इतनी बड़ी भारी रकम उन्होंने सालों तक अल्मारियों में दबा कर क्यों रखी?

बीते पांच दिनों से देश में दो जिज्ञासाएं शिद्दत से तैर रही हैं। एक में उत्सुकता ज्यादा है और दूसरे में हैरानी। तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद 'कौन बनेगा मुख्यमंत्री' पर 'एक जिज्ञासा और एक शख्स भारी पड़ा है, वो है धीरज साहू। धीरज साहू राज्यसभा में कांग्रेस के सदस्य हैं और पिछले साल उन्होने एक ट्वीट कर जिज्ञासा जताई थी कि लोगों के पास इतने करोड़ रुपये कहां से आते हैं? इस सवाल के साथ उन्होंने यह जवाब भी दिया था कि देश में भ्रष्टाचार कांग्रेस ही समाप्त कर सकती है। ये बात अलग है कि ताजा छापों के पहले ओवर में 2 करोड़ रुपये की काली कमाई मिलने के बाद धीरज साहू चुप्पी साध गए हैं। हालांकि, उनके अपने सवाल का जवाब भी उन्होंने खुद दे दिया है। यही आत्म ज्ञान है।

इनकम टैक्स और ईडी आदि के छापो में करोड़ो रू. नकद मिलने की खबर अब ज्यादा नहीं चौंकाती, क्योंकि ज्यादातर यह पैसा, नेताओं, कारोबारियों, अफसरों, मुलाजिमों या और दूसरे धंधों में लिप्त लोगों के यहां से बरामद होता है। लिहाजा 'लखपति' तो छोड़िए 'करोड़पति' शब्द भी अब बेमानी हो चुका है। क्योंकि दो नंबर का पैसा अब अरबों में मिलने लगा है। इतना कि शहर की कई बैंकों में रोजाना की नकदी से भी ज्यादा। कई एटीएमों में डेली भरी जाने वाली रकम से भी अधिक।

ऐसे में धीरज साहू 21 वीं सदी में दो नंबर की रकम के हिमालय को घर में रखने वाले रोकड़ा रोही हैं। दिलचस्प बात यह है कि लोगों की रूचि धीरज ने यह पैसा कैसे कमाया और इस कमाई को टैक्स बचाने की खातिर कैसे बचाया, से भी ज्यादा इस बात में है कि इतनी बड़ी भारी रकम उन्होंने सालों तक अल्मारियों में दबा कर क्यों रखी? इसका मकसद क्या था? करोड़ों रूपए के नोट नमी खा जाएं तो किसी काम के नहीं रहते, क्या धीरज को यह पता नहीं होगा? तो क्या उनके लिए नोटों के यह ढेर महज कूड़ा रहे होंगे? अगर ऐसा भी था तो इसके पीछे वजह क्या रही होगी? अवैध लेन देन से अरबों कमाकर भी उसके प्रति यह इतना 'वैराग्य भाव' क्यों कर?

धीरज साहू शराब कारोबारी हैं और शराब के धंधे में जितनी एक नंबर की शराब होती है, उतना ही दो नंबर का पानी भी होता है। कहा जाता है कि उनका परिवार आजादी के आंदोलन के समय से कांग्रेस और स्वतंत्रता सेनानियो से जुड़ा हुआ है। इससे लगता है कि उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के नैतिक मूल्यों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। बताते हैं कि शराब की बोतलों से पैसे उलीचकर पहले आजादी की लड़ाई में लगाया और बाद में नियम कानूनों से आजादी की चाहत में अपने गोदामों में भरा। वैसे भी आजकल लक्ष्मी का वाहन आजकल उल्लू के बजाए सियासत हो गया है। सियासत में कदम रखते ही तमाम पाप साफ और माफ हो जाते हैं। धीरज साहू ने ओडिशा में वही किया। कहते हैं कांग्रेस ने उन्हें दो बार लोकसभा का टिकट दिया था। लेकिन धीरज दोनों बार हारे। शायद इस काम में लक्ष्मी उनके काम नहीं आई। बाद में इसी नकद नारायण के भरोसे उन्होंने कांग्रेस से राज्यसभा का टिकट लिया। धीरज का कार्यकाल अगले साल खत्म होने वाला है। उसके पहले ही ये चोट हो गई। वरना धीरज अगली टर्म का टिकट भी ले लेते। धीरज साहू ने ये पैसा कैसे कमाया, इस तरह अल्मारियों में छुपाकर क्यों रखा? क्यों नहीं इस राशि पर टैक्स देकर उसे एक नंबर में कन्वर्ट करने की कोशिश की? क्यों उन्होंने यह ट्रक भर रकम गरीबों को बांटकर या मंदिरों में सोने का पत्रा आदि चढ़वाकर दानवीर बनने की कोशिश नहीं की, क्या वे इतनी रकम अपनी अल्मारियों में सजाकर अरबों की नकदी की सार्वजनिक प्रदर्शनी लगाना चाहते थे, इन तमाम सवालों के जवाब अभी मिलना है। लेकिन टीवी के माध्यम से लाखों लोग जो देख रहे हैं, वह सचमुच आंखे चुंधियाने वाला और दिमाग को चकरा देने वाला है। यह तो सुना था कि मानसिक रोगी कई बार मृत देह को जिंदा मानकर अपने घरों में रखे रहते हैं, लेकिन धीरज ने चलतू नोट इतनी बड़ी तादाद में डंप कर पटके हुए थे कि मानों कबाड़खाने में करीने से रखी रद्दी हो। कारूं के अकूत खजाने की तरह धीरज साहू के घर से रोज मिल रहे करोड़ों के कर्रे नोट, उन्हें गिनती करने वाली मशीनों का दम तोड़ना, मशीने परेट कर उन नोटों के बंडल बनाने वाले पचासों हाथों का थकना, गिने हुए नोटों को भरने के लिए लाए गए बोरों का टोटा पड़ जाना, जिस बैंक में इन नोटों को रखा गया है, वहां के कर्मचारियो की आंखें भी इतने नोट देखकर फटी की फटी रह जाना और वो करोड़ों जनता जिनके लिए जेब में पांच सौ का नोट भी भी बड़ी अमानत की तरह होता है, का इतने रूपए एक साथ देखकर हतप्रभ रह जाना सब कुछ परीकथा सा है। ऐसी परी कथा जो अपने आप में एक बोध कथा भी है, जिसकी कल्पना हमारे पूर्वजों ने भी शायद नहीं की होगी। धन के देवता कुबेर भी स्वर्ग में सारा काम छोड़कर नोटों की इस मनोरंजक गिनती को देख रहे होंगे तो पाप पुण्य का हिसाब रखने वाले चित्रगुप्त के लिए यह केस अबूझ पहेली बन गया होगा कि इस रकम को और उसे अर्जित करने वाले आदम को किस खाते में डालें। उधर हर दिन बैंक के सूत्रों से यह खबर आती है कि बरामद नोटों की गिनती अभी खत्म नहीं हैं। फाइनल फिगर का सस्पेंस अभी बाकी है। अभी तक 350 करोड़ ही गिने जा सके हैं,अंतिम आंकड़ा कहां जाकर ठहरेगा, यह उतना ही उत्सुकता से भरा है, जब भाला फेंक की किसी भी वैश्विक स्पर्द्धा में कौतुहल रहता है कि नीरज चोपड़ा का भाला कितनी लंबी दूरी पर जा धंसेगा, लेकिन यहां नीरज और धीरज में बुनियादी अंतर है। नीरज जिद और दृढ़ संकल्प को रिकॉर्ड में बदलने वाले खिलाड़ी हैं तो धीरज गैर कानूनी तरीके से अर्जित माल को दबाने का रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ी हैं। धीरज की इस बेहिसाब नकदी ने राजनेताओं के धनार्जन और धनाधारित राजनीति को नया मोड़ दे दिया है। कल तक भाजपा को भ्रष्टाचार पर घेरने और मप्र में 50 फीसदी कमीशन का आरोप लगाने वाली कांग्रेस इस धीरज पुराण पर चुप है। जबकि, खुद भ्रष्टाचार का आरोप झेल रही भाजपा अब इस नकद नारायण कांड को उछाल कर कांग्रेस के मुखौटे के पीछे लगी कालिख को बेनकाब करने में जुटी है। इस बेहिसाबी रकम के विस्फोट के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कांग्रेस से जवाब मांगा तो कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन की इस नकद चैप्टर के पन्ने खुलने के बाद बोलती ही बंद हो गई। क्योंकि यह पैसा आया कहां से, किस स्रोत से आया और इसे अब तक छुपाया क्यों गया, काली कमाई करने वाला यह शख्स इतनी आसानी से राज्य सभा का टिकट कैसे पा गया, ये तमाम सवाल खुद कांग्रेस को असहज करने वाले हैं। यूं तो इस देश में भ्रष्टाचार और काली कमाई के हमाम में सभी नंगे हैं। राजनीति और भ्रष्टाचार दोनो सगी बहने हैं, यह भी जनता ने मान लिया है। लेकिन दो नंबर की कमाई भी किसी न किसी जरिए वापस अर्थ व्यवस्था में लौट आती है। धीरज का मामला शायद अपने ढंग का पहला है, जब काला पैसा मानो किसी आर्थिक ब्लैकहोल में जा रहा था। अगर धीरज यह रकम गरीबों को नकदी भी बांट देते तो उन्हें दुआएं मिलतीं। लेकिन वह भी करना सही नहीं समझा गया। तो फिर इतनी बड़ी रकम का पहाड़ रचने जाने का असली मकसद क्या था? यह जानते हुए भी आखिरी सांस के साथ धन दौलत तो दूर इंसान के कपड़े भी साथ नहीं जाते, धीरज ये नोटों का संसार भीतर क्यों छुपा रखा था? कहते हैं धन और ज्ञान बांटने से बढ़ते हैं। लेकिन धीरज की रकम तो डंपिंग मोड में ही चौगुनी होती जा रही थी। इसे क्या कहा जाए।

# ना पैदा हुए ना मरे, कुछ समय के लिए धरती पर विचरण किया

दरअसल, ओशो को चाहने वाले आज भी उन्हें इसी तरह याद भी करते हैं जैसे वे कहीं गए ही नहीं। ये काम सोशल मीडिया और आसान किए देता है कि ढेरों वीडियो देखे जा सकते हैं। उन वीडियो में जो बातें वे कर रहे हैं, वे युवाओं को बड़ी भाती हैं, उनके बाग़ी मन को, जब नई-नई समझ पकड़ता मन दुनिया को बदलने की, रूढ़ियों को तोड़ने की चाह रखता है। हालांकि ऐसा भी नहीं कि सिर्फ़ युवा मन ही, दबे-दबे ही सही सामाजिक लोग भी ओशो की हां में हां ही मिलाना चाहते हैं। सामाजिक इसलिए लिखा है कि ओशो समाज के लिए नहीं थे, इसलिए कई जगह से बेदखल भी किए गए पर सनद रहे कि शरीर से बेदखल कर देना विचार से बेदखल कर देना तो नहीं है तो जो लोग उनसे प्रभावित हुए उनके लिए वे प्रिय हैं, उन पर किताबें लिखी जा रही हैं, चर्चाएं की जा रही हैं, उनके बनाए सैन्टर में डायनामिक मेडिटेशन भी किया जा रहा है। मोरारी बापू से लेकर, धीरेन्द्र शास्त्री और सद्गुरु तक भी सभी ने ओशो की तारीफ़ के पुल बांधे हैं। ओशो को नकारना मुश्किल है, हां द्वेष और प्रेम निजी मसला है। ये बात तो वे ख़ुद भी कहते थे। ओशो का कहा सब कुछ वीडियो के



मोरारी बापू से लेकर, धीरेन्द्र शास्त्री और सद्गुरु तक भी सभी ने ओशो की तारीफ़ के पुल बांधे हैं। ओशो को नकारना मुश्किल है, हां द्वेष और प्रेम निजी मसला है। ये बात तो वे ख़ुद भी कहते थे।

ना कभी पैदा हुए और ना ही मरे हैं, सिर्फ़ 11 दिसम्बर 1931 से 19 जनवरी 1990 तक के लिए पृथ्वी पर भ्रमण किया।

ये ओशो के लिए समर्पित स्मृति स्टोन पर लिखा वाक्य है-

रूप में तो दर्ज नहीं है लेकिन सौभाग्य से इतना है कि उन्हें समझा और जाना जा सके। आचार्य रजनीश से भगवान रजनीश बनने के बाद वो उनके फॉलोअर्स के लिए ओशो हो गए थे। ओशो का मतलब विराट समुद्र से एक हो जाना, दार्शनिक भाषा में इसका अर्थ है ईश्वर से है। अर्थात् ईश्वर से एकात्म की अवस्था। अक्सर लोग पूछते हैं कि क्या ओशो एनलाइटेंड थे और जिस पर उन्होंने कहा कि जिस अदृश्य का अनुभव आप स्वयं न करे लें वह दूसरों के माध्यम से कैसे जानेंगे। अध्यात्म वही एक अनुभव देता है, वही एक अनुभूति। ओशो का कहा इसलिए और खींचता है कि उनके पास एक तार्किक दिमाग़ था और तीव्र मेधा। ओशो अपने जीवन काल में डेढ़ लाख से अधिक किताबें पढ़ी थीं, वे नई वैज्ञानिक खोजों पर दृष्टि जमाए रखते और अपने प्रवचनों में उनके उदाहरण देते। चीनी दार्शनिकों से लेकर, भारतीय मनीषियों, जर्मन डॉक्टर और रूस के अलौकिक लोगों तक का भान उन्हें था। गोपालदास नीरज, विनोद खन्ना, अमृता प्रीतम, ख़ुशवंत सिंह, सुमित्रानंदन पंत उनसे मिलने आश्रम पहुंचे। हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों में पकड़ रखने वाले जब ओशो मेरे प्रिय आत्मन से शुरु करते और अंदर बैठे परमात्मा को प्रणाम कर अपनी बात समाप्त करते। हज़ारों और फिर लाखों की भीड़ उन्हें सुनने आने लगी। बंबई में दो कमरों से मकान से शुरु हुआ सफ़र पुणे की कई बीघा ज़मीन से होता हुआ अमेरिका पहुंचा। भगवान रजनीश का कम्यून जो उनके विचारों और सपनों का समाज था, उसका पूंजीवादी विस्तार हुआ। रोल्स रॉयस गाड़ियों से लेकर, महंगी घड़ी, ज्वैलरी और कपड़ों तक। बंबई की सेक्रेटरी लक्ष्मी का पद अब शीला को मिल गया। सन्यास के बाद जिसका नाम हुआ मां आनंद शीला। वे एक अच्छी टीम थे, ये शीला के शब्दों की बात है। वह ओशो के प्रेम में थीं और ओशो भी उनके प्रेम में थे, उन्होंने दावा किया हालांकि किसी भी शारीरिक संबंध की बात से इंकार किया।

**ओशो ने एक जगह कहा भी है-**

मैं इस बात में स्पष्ट हूं कि अपनी सेक्रेटरी से शारीरिक संबंध नहीं बनाने चाहिए।

ये सब तमाम बातें उन पर बनी डॉक्यूमेंट्री वाइल्ड वाइल्ड कन्ट्री में हैं। शीला और ओशो की टीम अमेरिका में जाकर टूट गई, जब वहां पूरा एक शहर रजनीशपुरम बनने के बाद शीला के शब्दों में ओशो ड्रग्स में लिप्त हो गए थे और उनकी भोग-विलास की इच्छा बढ़ती जा रही थी। शीला ने कम्यून छोड़ दिया। इधर, ग़लत तरीके से अमेरिका में दाखिल होने और लोकल चुनावों को प्रभावित करने के आरोप में शीला की गिरफ़्तारी हुई। ओशो भी गिरफ्तार हुए, देश छोड़ने की शर्त के बदले उन्हें रिहा किया गया। शीला को लगभग साढ़े तान साल बाद छोड़ा और वो जर्मनी और फिर स्विट्ज़रलैंड में जाकर बस गई। ओशो भारत आ गए, उनके विचारों के कारण वे 21 देशों में बैन थे। उन्हें पुणे लौटना ही पड़ा। 5 साल बाद उनकी मृत्यु हुई, जिसके साथ अपने क़िस्से और रहस्य जुड़े हैं। लेकिन ओशो ने अपने विचारों को, सोच को, ज्ञान को लंबे समय के लिए जीवित कर दिया। वे हर उस रूढ़ि के विरुद्ध थे जो मानव के स्वतंत्र अस्तित्व के लिए बाधा हो। वे विवाह के विरुद्ध थे, ख़ुद भी ताउम्र शादी नहीं की। अपनी मां से कह दिया था कि साधु बनना चाहते हैं लेकिन ब्रह्मचारी नहीं, उनकी मां स्तब्ध थीं, लेकिन ओशो अपनी राह चल पड़े, जिस कॉलेज में पढ़ाते थे वहां उनके लैक्चर में सबसे ज़्यादा भीड़ रहती, वाणी में सम्मोहन था। लोग ना उनकी बातों को काट ही पाते और ही सबके सामने स्वीकार ही कर पाते। उन्हें कॉलेज छोड़ना ही पड़ा, वे अब भारत भ्रमण पर थे। वे जगह-जगह प्रवचन करते थे, लोग खिंचे चले आते।

**वे कहते- मेरे यहां हर किसी का स्वागत है-**

शुरुआती दिनों में सबसे मिलते भी थे, फिर धीरे-धीरे सिमटने लगे, कुछ गिने-चुने लोग ही बहुत क़रीब जा पाते थे लेकिन कई लोग कम्यून के कामों में थे जिसमें सफ़ाई का काम, व्यवस्था का काम, अनुवाद और किताब का काम भी था। ओशो ने ख़ुद कोई किताब नहीं लिखी लेकिन उनके प्रवचनों को ही किताब का रूप दिया गया। संभोग से संमाधि सबसे प्रसिद्ध और सबसे विवादित रही, वे सेक्स गुरु के नाम से पहचाने जाने लगे। उनके कम्यून को भी उसी नज़र से देखा जाता था। भीतर रहने वाले इसे सहमति और प्रेम की नज़र से देखते हैं। बहरहाल, आज ओशो का जन्मदिन है। विवादों के गुरु और समाज की किरकिरी लेकिन फिर भी मौन स्वीकृति पाने वाले महान दार्शनिक ओशो, जो न पैदा हुए और न मरे हैं, तब जन्मदिन का एक दिन कैसा।

# दांव पर बांग्लादेश की साख, शेख हसीना के सामने स्वतंत्रता और निष्पक्षता की चुनौती

मीडिया के लोगों को प्रताड़ित करने के आरोप भी प्रधानमंत्री शेख हसीना पर हैं। लेकिन इतने वर्षों से एक ही पार्टी और एक ही नेता के सत्ता में होने के कारण वहां सत्ता विरोधी लहर भी है। बांग्लादेश के इस चुनाव में कई सारे मुद्दे हैं, जैसे बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था, लोककल्याण आदि का मुद्दा है, क्योंकि ये सारी चीजें लोगों को प्रभावित कर रही हैं।

बांग्लादेश में आगामी सात जनवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। वहां के आम चुनाव पर दुनिया भर की नजर है और भारत के साथ अमेरिका एवं रूस जैसे देश भी इसमें दिलचस्पी ले रहे हैं। बांग्लादेश की मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना वर्ष 2009 से सत्ता में हैं। उन्हें मुल्क के सामाजिक व आर्थिक विकास को गति देने एवं एक उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने का श्रेय दिया जाता है। मुल्क के लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए उनकी सरकार की दुनिया भर में तारीफ होती रही है। लेकिन सच यह भी है कि उन पर अपने राजनीतिक विरोधियों के दमन और अधिनायकवादी रवैया अपनाने के आरोप लग रहे हैं। यही नहीं, मीडिया के लोगों को प्रताड़ित करने के आरोप भी उन पर हैं। लेकिन इतने वर्षों से एक ही पार्टी और एक ही नेता के सत्ता में होने के कारण वहां सत्ता विरोधी लहर भी है। बांग्लादेश के इस चुनाव में कई सारे मुद्दे हैं, जैसे बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था, लोककल्याण आदि का मुद्दा है, क्योंकि ये सारी चीजें लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हमारे दक्षिण एशियाई देशों की एक खासियत है कि यहां के लोग राजनीतिक रूप से काफी सजग एवं जागरूक होते हैं, उसमें भी खासकर बंगाली समुदाय। बांग्लादेश की राजनीति का सबसे बड़ा संकट यह है कि वहां जितनी भी पार्टियां हैं, सबके नेता लगभग बुजुर्ग हो चुके हैं और उनके उत्तराधिकारी किसी भी पार्टी में तैयार नहीं हो पाए हैं। इसकी वजह है कि वहां की पार्टियों ने दूसरी पंक्ति के नेतृत्व को तैयार करने की कोशिश ही नहीं की है। चाहे आप शेख हसीना की अवामी लीग को देखें, या खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को देखें या जातीय पार्टी को देखें, इन तीनों बड़ी पार्टियों में दूसरी पंक्ति का कोई नेता नजर नहीं आता। इस बार के चुनाव की अनूठी बात यह है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी समेत कई विपक्षी दल वहां चुनाव में हिस्सेदारी नहीं कर रहे हैं। जातीय पार्टी में भी दो धड़े हैं, जिसमें से इरशाद रौशन वाला धड़ा चुनाव नहीं लड़ रहा है। बीएनपी समेत ये विपक्षी पार्टियां यह सोचती हैं कि अगर प्रमुख विपक्षी पार्टियां चुनाव में हिस्सेदारी नहीं करेंगी,



तो इस चुनाव को अंतरराष्ट्रीय मान्यता नहीं मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय जगत में अगर बांग्लादेश की नई सरकार को मान्यता नहीं मिलेगी, तो उसे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि कुछ महीनों पहले बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी जैसी विपक्षी पार्टियों ने सरकार के खिलाफ रैली निकाली थी, जिसमें काफी हिंसा हुई। रैली के दौरान लाखों कार्यकर्ता सड़क पर उतरे थे, और पुलिस के साथ जबर्दस्त झड़प के दौरान कुछ जानें भी गई थीं। इन विपक्षी पार्टियों का कहना था कि चूंकि शेख हसीना सरकार के सत्ता में रहते निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते, इसलिए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और एक कार्यवाहक सरकार के तहत चुनाव करवाया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि इसके पीछे कुछ हद तक अमेरिका का भी हाथ है, क्योंकि अमेरिका लगातार कहता रहा है कि बांग्लादेश में लोकतंत्र नहीं रह गया है और वहां अधिनायकवादी सरकार का शासन चल रहा है। पाठकों को याद होगा कि जब अमेरिका में 'डेमोक्रेसी समिट' हुई थी, तो उसमें बांग्लादेश को आमंत्रित नहीं किया गया था। इसके अलावा संभवतः अमेरिका यह भी सोचता है कि शेख हसीना सरकार के नेतृत्व में बांग्लादेश के रिश्ते चीन और तुर्किये के साथ काफी घनिष्ठ हो गए हैं। जहां तक रूस की बात है, तो उसकी दिलचस्पी का प्रमुख कारण यह है कि वहां रूस की कई परियोजनाएं चल रही हैं। रूस राजनीतिक रूप से वहां बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं है। हाल के वर्षों में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार में भी कट्टरपंथी आवाजें मुखर हुई हैं। हमारे देश में जब एनआरसी और सीएए की बात हुई थी, तब वहां के कुछ नेताओं ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की थी। इसके अलावा, बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं के साथ प्रताड़ना की खबरें यदा-कदा आती रही हैं और इसमें भी कोई शक नहीं है कि वहां रहने वाले हिंदू दबे-दबे रहते हैं। लेकिन जैसा कि अपनी घरेलू राजनीति की मजबूरी के तहत पार्टियों को तोड़ना, प्रभावशाली नेताओं को अपने खेमे में लाना, अपने मतदाताओं को खुश करने के लिए लोकलुभाव घोषणाएं करना, चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों को जेल से रिहा कराना जैसी घटनाएं दक्षिण एशियाई देशों में लगभग हर जगह होती हैं, यह सब बांग्लादेश में भी हो रहा है।

इसके अलावा, बांग्लादेश के चुनावों में भारत से संबंध एक प्रमुख मुद्दा होता है। हर बार चुनाव में यह मुद्दा होता है कि भारत के साथ कैसे संबंध होंगे। शेख हसीना सरकार के संबंध भारत के साथ आम तौर पर अच्छे रहे हैं, क्योंकि शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में चले मुक्ति आंदोलन में भारत ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। इसलिए वहां की विपक्षी पार्टियां यह सोचती हैं कि भारत के साथ अवामी लीग के संबंध राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने का पक्षधर है। बीएनपी और जातीय पार्टी भारत का विरोध करती हैं, लेकिन शेख हसीना की अवामी लीग के साथ मुक्ति युद्ध के कारण भावनात्मक रिश्ते रहे हैं। हालांकि बांग्लादेश इस वक्त संतुलन बनाकर चल रहा है। शेख हसीना की सरकार चीन और भारत के साथ बराबर रिश्ते बनाकर चल रही है, क्योंकि वह जानती है कि अगर किसी एक देश पर निर्भर रहे, तो श्रीलंका जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए मुझे यह लगता है कि अगर दूसरी पार्टियां चुनाव जीतकर आती हैं, तो वह भारत के लिए अच्छा नहीं होगा। स्वाभाविक रूप से शेख हसीना की पार्टी अगर सत्ता में आती है, तो भारत और बांग्लादेश, दोनों के लिए अच्छा रहेगा। बांग्लादेश सरकार और वहां का निर्वाचन आयोग संभवतः अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को आमंत्रित करने पर विचार कर सकते हैं, ताकि चुनाव परिणामों को बड़े पैमाने पर वैधता और स्वीकृति मिल सके। अगर अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक बोलेंगे कि चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष हुए हैं, तो उसकी वैधता बन सकती है। फिलहाल वहां चुनावी हलचल बहुत तेज है और सात जनवरी को ही पता चल पाएगा कि चुनाव कितने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हो रहे हैं।

# चुनाव के ढंग बदल रहे हैं अब अंतिम दौर की कवायद पर टिका सब कुछ

चुनाव अब केवल दोनों पक्षों के भाषणों, नीतियों या घोषणा-पत्रों की लड़ाई नहीं रह गए हैं। अंतिम समय के अभियानों, बूथ प्रबंधन और उदासीन मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने की क्षमता से ही आज चुनाव जीते या हारे जा रहे हैं।

चुनाव चाहे कोई भी हो, लेकिन खासकर राज्य विधानसभा चुनावों के बाद शोर-शराबा होता ही है। जिन्हें जीत मिली, वे जश्न मनाते हैं और हारने वाले राजनीतिक दलों के समर्थक आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते हैं। लेकिन चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे सामने आने के बाद जो शांति दिख रही है, वह सामान्य नहीं है। अगर यह प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के परिपक्व व्यवहार का प्रमाण है तो हम इसका स्वागत कर सकते हैं। लेकिन अगर इसकी वजह कांग्रेस की उदासीनता है तो यह चिंता का विषय है। चलिए, शुरुआत करते हैं मेरे एक गलत अनुमान से। मैंने लिखा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस आ रही है, लेकिन मैं गलत था। कांग्रेस की 35 की तुलना में 54 सीटों के साथ भाजपा को वहां प्रभावी अंतर के साथ जीत मिली। कांग्रेस शुरुआत से ही राज्य पर दावा कर रही थी, जिसे सभी सर्वेक्षणों में माना भी जा रहा था। कई लोगों से बातचीत के आधार पर मैं भी इससे सहमत था। लेकिन



नतीजों ने भाजपा को छोड़ सभी को हैरत में डाल दिया। यह पता चला कि सामान्य, एससी और एसटी सीटों पर कांग्रेस के वोट शेयर में भारी कमी आई। 2018 में जीतीं एसटी की सभी सीटें गंवाने के साथ ही कांग्रेस ने अपनी हार की कहानी लिख दी।

**अप्रत्याशित नहीं**

हालांकि आपको याद होगा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के संबंध में कांग्रेस के दावों को मैंने स्वीकार नहीं किया था। राजस्थान में गहलोत सरकार ने अच्छा काम किया था, लेकिन सत्ता विरोधी लहर उनके गले की फांस बन गई। नतीजा यह रहा कि गहलोत सरकार के 17 मंत्री और कांग्रेस के 63 विधायकों को चुनावों में मुंह की खानी पड़ी। इससे मंत्रियों और विधायकों को लेकर जनता की भारी नाराजगी का संकेत मिलता है। जाहिर है कि चुनावी सर्वे जनता की नाराजगी के स्तर को भांप नहीं सके। आखिरकार, 1998 के बाद से राजस्थान के मतदाताओं की कांग्रेस और भाजपा में अदला-बदली करने की आदत जारी रही। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश में उल्लेखनीय विफलताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच शिवराज सिंह चौहान ने खासकर महिलाओं को लाभान्वित करने वाली लाडली बहन जैसी कई योजनाएं लागू कीं, जिनका फायदा उन्हें मिला। यह राज्य हिंदुत्व की प्रयोगशाला भी था। आरएसएस और इसके सहयोगी संगठनों ने पूरी सक्रियता के साथ जनता में गहरी जड़ें जमाई थीं। भाजपा सरकार को मध्य प्रदेश से उखाड़ने के लिए संगठन की तरफ से सशक्त प्रयासों की जरूरत थी, लेकिन कांग्रेस ने स्पष्ट तौर पर वैसा कुछ नहीं किया। जबकि भाजपा ने राज्य में केंद्रीय मंत्रियों, मौजूदा सांसदों सहित कद्दावर नेताओं का जमावड़ा एकत्र किया। समय व संसाधनों के भारी निवेश ने स्वाभाविक ही नतीजों को भाजपा के पक्ष में झुका दिया। तेलंगाना में जरूर मैंने बीआरएस सरकार के खिलाफ एक ग्रामीण लहर को महसूस किया था और किसी चमत्कार के होने की संभावना भी जाहिर की थी। के चंद्रशेखर राव को पृथक तेलंगाना राज्य हासिल करने और वहां रायथु बंधु जैसी लाभकारी योजनाएं शुरू करने का श्रेय जाता है, जिनमें किसानों को धन हस्तांतरित किया गया। लेकिन सत्ता का एक ही परिवार में सिमटना, भ्रष्टाचार के आरोप, हैदराबाद केंद्रित विकास, मुख्यमंत्री की खुद को अलग-थलग रखने वाली शख्सियत और चरम बेरोजगारी ने सरकार के खिलाफ एक लहर पैदा की, जिस पर सवार रेवंत रेड्डी ने एक आक्रामक अभियान चलाया और कांग्रेस को जीत दिलाई।

**अंतर कम रहा**

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हार मिलने के बावजूद कांग्रेस का वोट शेयर बरकरार रहा। आंकड़े खुद ही बोलते हैं। अच्छी बात यह है कि द्विध्रुवीय प्रतिस्पर्द्धी राजनीति अभी जिंदा है। कांग्रेस का वोट शेयर चारों राज्यों में 40 फीसदी यानी करीब 2018 जितना ही रहा, जो चुनावी लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है। दूसरी ओर, भाजपा को चारों राज्यों में वोट शेयर में बढ़त मिली और उसने चारों राजधानियों और शहरी क्षेत्रों की ज्यादातर सीटें जीत लीं। मध्य प्रदेश को छोड़ कर बाकी जगहों पर वोट शेयर में अंतर काफी कम है। छत्तीसगढ़ में 4.04 फीसदी का अंतर आदिवासी वोटों के शिफ्ट होने की वजह से हुआ। यहां अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 भाजपा और 11 कांग्रेस ने जीतीं। राजस्थान में 2.16 फीसदी का अंतर तो और भी कम था।

**चुनाव बदल गए हैं**

वोट शेयर में जो अंतर रहे, उन्हें समझने के लिए चुनावों की बदलती प्रकृति को समझना जरूरी है। चुनाव अब केवल दोनों पक्षों के भाषणों, रैलियों, नीतियों या घोषणा-पत्रों की लड़ाई नहीं रह गए हैं। इन सभी का महत्व है, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं। अंतिम समय के अभियानों, बूथ प्रबंधन और उदासीन मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने की क्षमता से ही आज चुनाव जीते या हारे जा रहे हैं। इसके लिए हर निर्वाचन क्षेत्र में समय, ऊर्जा और पैसे के भारी निवेश की जरूरत होती है, जो इस बार भाजपा ने कामयाबी के साथ किया। 2024 के लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ने के साथ हवा का रुख भाजपा के साथ दिखता है। कम से कम हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा मतदाताओं का ज्यादा से ज्यादा ध्रुवीकरण करते हुए हिंदुत्व के एजेंडे को आगे ले जाने की कोशिश करेगी। इससे संघवाद, धर्मनिरपेक्षता, संस्थागत स्वतंत्रता, व्यक्ति व मीडिया की स्वतंत्रता, मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, निजता और डर से स्वतंत्रता जैसी धारणाओं को नुकसान पहुंच सकता है। यह जरूरी है कि भारतीय लोग अपनी सरकार खुद चुनें, लेकिन लोकतंत्र के बाकी स्तंभों को बचाना भी उतना ही जरूरी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का किया गया आयोजन

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**




**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का शुभारम्भ विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम बराही व पुरवामान में मा0 विधायक अलका अर्कवंशी जी द्वारा किया गया। मा0 विधायक जी द्वारा कृषि, स्वास्थय, ग्राम्य विकास, आगनबाडी एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृत/प्रमाण पत्र वितरित करते हुये सम्बोधित किया कि मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। उन्होने जनधन खाता खुलवाकर लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाने का कार्य किया गया है। मा0 प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को ससमय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा । किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यकम स्थल पर प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड साण्डी के ग्राम श्रीमऊ व चन्द्रमऊ तिंगावा में मा0 विधायक मानवेन्द्र सिंह रानू द्वारा यात्रा कार्यकम की आगवानी हेतु उपस्थित रहें । मा0 विधायक जी द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मा0 प्रधनमंत्री जी द्वारा गरीबो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं के कियान्वयन हेतु भी निरन्तर प्रयासरत रहते है। आज देश के लगभग प्रत्येक किसान को पीएम किसान निधि योजना का लाभ व राशन प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड सुरसा के ग्राम अन्धर्रा में मा0 विधायक प्रभाष कुमार जी यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उनके द्वारा ग्राम वासियो को सम्बोधित करते हुये कहा गया कि केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर किसानो की आमदनी दोगुनी करने हेतु प्रयासरत है। इस हेतु विभिन्न योजनाये भी संचालित की जा रही है। विकास खण्ड अहिरौरी के ग्राम महुईपुरी में भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन जी द्वारा यात्रा की आगवानी की गई। विकास खण्ड भरावन के ग्राम सहिगवां व लालामऊ में मा0 सदस्य विधान परिषद अशोक अगवाल जी द्वारा यात्रा कार्यकम की आगवानी की गई। उन्होने ग्राम वसियो का उनके उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड सुरसा के ग्राम ऐचामऊ, विकास खण्ड बावन के ग्राम महरेपुर व मत्तीपुर, विकास खण्ड टडियावां के ग्राम सैचामऊ व पुरवा देवरिया विकास खण्ड पिहानी के ग्राम संन्तरहा व सहजना, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम निजामपुर व खनिकलापुर, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम रूकनापुर व पिपरवां विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम नेवादापरस व परमी, विकास खण्ड शाहाबाद के ग्राम दलेलनगर व शाहपुर नाउ, इस मौके पर ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल कार्यकम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिसमें ग्राम वासियों की एनीमिया की जांच, शुगर की जांच, बी0पी0 की जांच और अन्य चिकित्सा स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की गयी और निशुल्क दवा भी वितरित की गयी। मा0 मुख्य अतिथि जन प्रतिनिधियों द्वारा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी कृषको को प्रमाण पत्र/स्वीकृत पत्र वितरित किये गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम में कृषि विभाग के कार्मिको द्वारा पीएम किसान योजना के अन्तर्गत ई-केवाईसी, भूलेख अंकन, केसीसी एवं नये पंजीकरण मौके पर कराये जा रहे। कृषको को श्री अन्न (मिलेट्स) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी भी दी गई । कृषको को रबी की फसलों की तकनीकी जानकारी के साथ फसलो की लाइन से रोपाई एवं बुबाई के लिये प्रेरित किया गया । कृषको को प्रमाणित बीजो के बारे में जानकारी दी गई। कृषक राजकीय कृषि बीज भण्डार से प्रमाणित बीजो पर 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। उपरोक्त कार्यक्रम में आज कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य आदि विभागों के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों की जान से खिलवाड़ दुर्घटना को न्योता देती टूटी सडकें




**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अगर विकास की बात करे बो ना मुमकिन है। चाहे उसमें सरकारी कर्मचारी हो या ठेकेदार की ही लापरवाही क्यों ना हो। ताजा मामला हापुड़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहल्ला चंद्रलोक का है जहां मोदीनगर रोड से बतिस्ता क्रिश्चियन एकेडमी स्कूल को जाने वाली सड़क को ठेकेदारों ने किसी कारण बस इस तरह पूर्ण रूप से तोड़ दिया है कि स्कूल को जाने वाले वाहन से लेकर पैदल चलने वाले लोग इस तरह परेशान हो चुके हैं कि अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार है। लेकिन उसकी कोई रिपेयरिंग नहीं की है और सडक टूटती ही जा रही है जिस वजह से ई रिक्शा, टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर वाहन या स्कूल से भरी बच्चों की बस दुर्घटना होने का डर सता रहा है कई बार तो पैदल चल रहे आम नागरिक से लेकर स्कूली बच्चों को काफी बार टूटी सड़कों में गिरने से चोटे लग चुकी है। देखना अब है की खबर प्रकाशित होने पर टूटी सड़कों को ठेकेदार कब तक सही कर पाते हैं। या किसी बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे हैं। नहीं टूटी रही है अभी कर्मचारियों के साथ ठेकेदारों की की नींद, टूटी हुई सड़क की मरम्मत के साफ सफाई के मामले को लेकर है चुप्पी साधे,स्वच्छ भारत मिशन अभियान का मामला है।

# एक नज़र

## एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में छात्रों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण का हस्ताक्षर

### 15 दिनों की मुफ्त ट्रेनिंग के साथ अनुबंध की घोषणा

**द अचीवर टाइम्स/ रजनीश कुमार**



**बीकेटी लखनऊ।** बक्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में आज यांत्रिक विभाग, सिविल विभाग , इनफॉरमेशन विभाग एवं इलेक्ट्रिक एंड कम्युनिकेशन ब्रांच के छात्रों के प्रशिक्षण हेतु अनुबंध एम ओ यू हस्थाक्षरित किया गया, जिसमें छात्रों को 15 दिन की ट्रेनिंग बिजनेस बड्डी सॉल्यूशन द्वारा मुफ्त प्रशिक्षण की जाएगी। यह अनुबंध संस्थान के निदेशक डॉ डीपी सिंह एवं कंपनी के सीईओ शमीख जफर के बीच हस्ताक्षर कर किया गया। इस अनुबंध के बाद छात्रों को तकनीकी ज्ञान हेतु 15-15 दिनों की लघु विषयों पर कंपनी के तकनीकी प्रशिक्षक द्वारा विशेष तौर पर आयोजित किए गए सेमिनार्स वेबिनार्स आयोजित किए जाएंगे। जिससे प्रशिक्षण के साथ-साथ सेवायोजन एवं भर्तियों में भी सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष पवन सिंह चौहान एमएलसी ने कहा की संस्थान तकनीकी प्रशिक्षण पर विशेष तौर पर ध्यान दे रहा है। छात्रों के कल्याण हेतु लगातार संस्थान के संकाय अध्यक्ष, प्रवक्ता ,प्राचार्य ,सभी जागरूक रहेंगे। आए हुए अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पूर्व दशम छात्रवृत्ति के आवेदन 06 जनवरी तक जमा करेंः नरेश कुमार

**हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)**

**हरदोई।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने समस्त मदरसा, विद्यालय, संस्थाओं में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 के लिए 02 दिसम्बर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर उसकी हार्ट काफी एवं अन्य समस्त प्रपत्र सहित 06 जनवरी 2023 तक अपने विद्यालय में जमा करें। उन्होंने समस्त मदरसा, विद्यालय, संस्थाओं के प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्यो को निर्देश दिये है कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति के प्राप्त ऑनलाइन आवेदन एवं प्रपत्रों का 15 जनवरी 2023 तक सत्यापन कर सत्यापित प्रतियां तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रेषित करें और प्राप्त आवेदन पत्रों का सत्यापन शिक्षा एवं कल्याण विभाग की टीम द्वारा 31 जनवरी 2023 तक किया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्राप्त पूर्व दशम छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों की वास्तविक छात्र संख्या आदि का ऑनलाइन सत्यापन 20 फरवरी तक किया जायेगा।

## हिमालयन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स में अनुगूंज फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**द अचीवर टाइम्स/ रजनीश कुमार**






**बीकेटी लखनऊ।** बांके नगर चौराहा पहाड़पुर, स्थित हिमालयन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स, बक्शी का तालाब लखनऊ में शनिवार को फ्रेशर्स पार्टी अनुगूँज का आयोजन संपन्न हुआ। हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के विभिन्न कोसों के प्रथम वर्ष के सभी छात्रों को उनके सीनियर छात्रों द्वारा कॉलेज के नए शैछिक सत्र में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष (बी जे पी) ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया, विनय प्रताप जिला अध्यक्ष, पवन सिंह चौहान एमएलसी सीतापुर, रामेन्द्र सिंह (मोनू) ब्लाक प्रमुख बीकेटी आदि अन्य अतिथियों द्वारा इस कार्यक्रम अनुगूँज में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान की सेक्रेटरी धना बाफिला, महानिदेशक डा0 समता बाफिला, वाइस चेयरमैन विक्रम सिंह बाफिया, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर करिश्मा बाफिला, डायरेक्टर डा0 प्रीतेश सक्सेना, एवं सभी विभागाध्यक्ष और अध्यापक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कालेज के नये छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गए, और कार्यक्रम के अंत में हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स की महानिदेशक डा0 समता बाफिला, वाइस चेयरमैन विक्रम सिंह बाफिला द्वारा मि0 फ्रेशर अमित उपाध्याय और मिस केशर आस्था यादव के साथ अन्य विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चीफ गेस्ट कमलेश मिश्रा द्वारा उ0प्र0 सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत फार्मेसी के अंतिम वर्ष के छात्र / छात्राओं को टैबलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के विभिन्न कोर्सो के टॉपर छात्र- छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

## पीआरडी के 75वे स्थापना दिवस पर हुई प्रतियोगिता में नम्बर 1 टोली ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** युवा कल्याण एवं प्रा0वि0 विभाग द्वारा 75 वे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन जे0एम0एस0 वर्ल्ड स्कूल हापुड़ में किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर के द्वारा किया गया जिसमे मुख्य अतिथियों द्वारा पी0आर0डी0 जवानों के भविष्य की मंगल कामना की। विभाग द्वारा पी0आर0डी0 जवानों को फुटबॉल रस्सा कसी एवं दौड प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। पी0आर0डी0 जवानों को 3 टोलियों में विभाजन कर प्रति टोली 22 जवान कुल 66 जवानों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं उक्त टोलियों द्वारा मुख्य अतिथियों को सलामी दी गयी। 75 वे स्थापना दिवस कार्यक्रम में टोली नम्बर 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टोली को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंकित सहलीत, अन्जु चौधरी, प्रियका एवं कु0 रानू धारीवाल क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों एवं तनु चौधरी कनिष्ठ सहायक के द्वारा किया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने में तनु चौधरी कनिष्ठ सहायक, ईश्वर चन्द, कपिल शर्मा पंकज कुमार एवं त्रिवेश कुमार इत्यादि ने सहयोग किया।

## विकसित भारत निर्माण में सभी करें सहयोगः जयदेवी कौशल

### विकास भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम, लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**







**लखनऊ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास खण्ड की कुसमी ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित हुआ है।कार्यक्रम में मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में लोगो को बताया।विधायक ने ग्रामीणों से विकसित भारत बनाने में सहयोग करने के लिए आह्वान किया। विकास खण्ड के गांव कुसमी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हमारा संकल्प विकसित भारत मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी पहुंची।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मलिहाबाद विधायक जयदेवी कौशल ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और सभी को विकसित भारत बनाने में अपना सार्थक योगदान देने का संकल्प भी कराया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुए।साथ ही ड्रोन के माध्यम से खेतों में कीटनाशक व खाद का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में कृषि,स्वास्थ्य,जल जीवन मिशन,बाल विकास पुष्टाहार,राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभाग के स्टाल लगे।लाभर्थियों को आयुष्मान कॉर्ड व किसान सम्मान निधि के प्रमाण पत्र वितरित किये गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीओ मनसुख लाल,क्षेत्रीय लेखपाल अरुणेश कुमार,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव,भाजपा नेता विपिन कुमार गोपी,ग्राम प्रधान सुमित कुमार कनौजिया,सहकारी संघ सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव, अध्यापक वीरेन्द्र सिंह यादव,हरिशरण द्विवेदी,डॉ पूनम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# उ0प्र0 सरकार किसानो की आय दोगुना करने हेतु कटिबद्धः आशीष सिंह आशू

- किसान आय दोगुनी करने हेतु गेहूं-धान के साथ सब्जी, फल, फूल की खेती करेंः- सीडीओ।
- सेमीनार में उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से किसानों को जागरूक किया गयाः- सुभाष

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**





फीता काटकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास

**बिलग्राम हरदोई।** बिलग्राम खण्ड विकास अधिकारी प्रांगण में उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास 30-नान एन.एच.एम. जनपदों की औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी/सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री आशीष सिंह आशू विधायक बिलग्राम-मल्लावां ने फीता काटकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी ने मा0 विधायक के साथ दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने मा0 विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया का स्वागत एवं अभिनन्द कर मंच से किसान गोष्ठी / सेमिनार का संचालन प्रारम्भ किया। मेले में उमेश कुमार साहू, जिला कृषि अधिकारी, डा0 रचना दीक्षित, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, डा0 आर0एस0 सिंह, उपचिकत्साधिकारी पशुपालन विभाग वि0ख0 बिलग्राम, डा0 डी0बी0 सिंह, सीनियर वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, डा0 सी0पी0एन0 गौतम, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, निधि गुप्ता, जिला गन्ना अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। किसान गोष्ठी में जनपद के समस्त विकास खण्डों के किसान मौजूद रहे। सेमीनार में उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से किसानों को जागरूक करने के लिए उद्यान विभाग, माइक्रोइरीगेशन फर्मो, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, फल संरक्षण विभाग, गन्ना विभाग, पशुपालन विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, यू0पी0नेडा आदि विभागों के स्टाल लगाये गये। इसके साथ ही मेले में उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकासा योजना एवं अन्य योजनाओं में संकर शाकभाजी बीज हेतु नोटिफाइड कम्पनियों के लिए भी व्यवस्था थी। जिसमें से इन्डो-अमेरिकन हाईब्रिड सीड्स (इण्डिया) प्रा0लि0 द्वारा स्टाल लगाकर संकर शाकभाजी बीजों का प्रचार प्रसार किया। किसानों ने समस्त विभागों के स्टालों पर जाकर योजनाओं की जानकारी के साथ विभाग से सम्बंधित प्रदर्श भी देखे । मा0 विधायक ने भी मुख्य विकास अधिकारी के साथ विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। मा0 विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मंच से उ0प्र0 सरकार द्वारा किसानो की आय दोगुना करने सम्बंधी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र से आए वैज्ञानिकों ने फसलों में लगने वाले कीटो से निदान पाने के सुझाव, कीटनाशकों आदि के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की। उद्यान विभाग, हरदोई द्वारा संचालित इस प्रकार के किसान गोष्ठी/सेमिनार से किसानों को उद्यान विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी मिल जाती है। अन्त में जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने मा0 विधायक व मुख्य विकास अधिकारी और किसान मेले में आये समस्त किसानों का मेले में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। किसान गोष्ठी / सेमिनार के दूसरे दिन 12.12.2023 को कृषकों को सेंटर आफ एक्सीलेंस फार वेजिटेबल उर्मदा, कन्नौज में भ्रमण कराया जाएगा। जहां किसानों को विशष विशेषज्ञों द्वारा उत्तम किसम की पौध बनाने, बीज जर्मीनेशन, कीटों से निदान आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्राली व ट्रक की जोरदार भिड़ंत, दो की मौत और तीन गंभीर घायल, चालक और हेल्पर फरार

**संवाददाता**



**हरदोई।** टड़ियावां के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक में सुअर को खिलाया जाने वाला दाना लदा हुआ था। घटना के बाद ट्रक के हेल्पर और चालक मौके से भाग गए। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

हरदोई जिले में हरदोई-सीतापुर मार्ग पर टड़ियावां थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इसके कारण दोनों वाहन खंती में पलट गए। ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इस पर सवार चार लोग घायल हो गए। इनमें से एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया और जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद चालक और हेल्पर ट्रक छोड़कर भाग निकले। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हूंसेपुर गांव निवासी चंद्रशेखर उर्फ तन्नू (35) गांव में ही टेंट हाउस चलाता था। सोमवार को वह गांव के ही सुमित (20), सुमित के चचेरे भाई मुलायम (35), गांव निवासी रिशू (22) और रामू (30) के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में टेंट का सामान लेकर बरगदिया गांव जा रहा था।

### ट्रैक्टर-ट्राली में सवार सभी लोग दब गए

हरदोई-सीतापुर मार्ग पर टड़ियावां थानाक्षेत्र के शिवलाल पुरवा के पास ट्रक की सीधी भिड़ंत हो गई। दोनों ही वाहन सड़क किनारे खंती में पलट गए। ट्रैक्टर-ट्राली में सवार सभी लोग दब गए। हादसे की जानकारी पर बड़ी संख्या में राहगीर मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी।

### ट्रैक्टर चला रहे चंद्रशेखर की मौके पर ही मौत

इसी के साथ ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबे लोगों को निकाला जाने लगा। ट्रैक्टर चला रहे चंद्रशेखर की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सुमित, मुलायम, रिशू और रामू को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां सुमित की हालत गंभीर बताकर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### हेल्पर और चालक मौके से फरार

लखनऊ में सुमित को मृत घोषित कर दिया गया। टड़ियावां के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक में सुअर को खिलाया जाने वाला दाना लदा हुआ था। घटना के बाद ट्रक के हेल्पर और चालक मौके से भाग गए। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा किसानों, ट्रक चालकों को दुर्घटना से बचाव हेतु किया जागरुक





**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशानुसार शीत ऋतु में कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सिम्भावली एवं बृजनाथपुर की चीनी मिलों में किसानों, ट्रक चालकों व मिल स्टाफ को सड़क सुरक्षा/दुर्घटना से बचाव हेतु जागरुक कर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं वाहन चालकों से अपने वाहन में मानक वजन ले जाने की अपील करते हुए कहा कि वाहन चालक अपने वाहनों में उसकी क्षमता के अनुसार ही वजन ले जाए उसकी क्षमता के अनुसार अगर कोई भी वाहन चालक ओवरलोडिंग करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि ओवरलोडिंग वाहनो से सड़क पर चलते वक्त दुर्घटनाओं बने रहने का खतरा रहता है वाहन चालक मानक के अनुसार ही वहां में वजन भरें। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए

# जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया अगहनी मेला का उद्घाटन

द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला





**रामनगर बाराबंकी।** सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव में होने वाले महादेव मेला महोत्सव का शुभारंभ आज जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के द्वारा विश्व कल्याण द्वारा पर अपराह्न ग्यारह बजे फीता काटकर किया गया। विश्व कल्याण द्वार से मंदिर स्थल तक बैंड बाजे की धुन के बीच लोधेश्वर महादेवा मंदिर पहुंच कर जिलाधिकारी ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की। मेला मैदान में लगे विभिन्न प्रदर्शनियों के स्टालों पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों की लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।सांस्कृतिक पंडाल में कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। प्रशांत बाल विद्या मंदिर की विद्यार्थियों ने ÷हे शारदे मां हे शारदे मां ,अज्ञानता से हमें तार दे मां÷ गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। यूनियन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत ÷शोभा अपरंपार है खुशियों की भरमार है÷ प्रस्तुत किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय सूरतगंज के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत ÷सुनो गौर से दुनिया वालों बुरी नजर ना हम पर डालो÷ पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। जय मां सरस्वती विद्यालय मधवा जलालपुर , कस्तूरबा गांधी विद्यालय गणेशपुर, कांति सिंह महाविद्यालय अमराई गांव भुंड, परमेश्वर इंटर कॉलेज छेदा,बीआरजी इंटर कालेज सूरतगंज, के विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.आलोक शुक्ला ने किया। इस पावन अवसर पर विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ,पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, सूरतगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण ,कुंवर आशीष सिंह,भाजपा नेत्री अलका मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ,पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह,उपाधिकारी नागेंद्र पांडे, तहसीलदार सविता भारती, बीडीओ सूरतगंज प्रीती वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डब्बू सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य ललित कुमार वर्मा पप्पू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला, रामनगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडे, कमलेश शुक्ला,सूरतगंज मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा, सिरौली मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित अवस्थी ,प्रधान मथुरा भूलन अवस्थी, उमेश मिश्रा प्रधान,सतीश शुक्ला एडवोकेट, प्रद्युम्न बाजपेई एडवोकेट, जी.के. शुक्ला एडवोकेट ,पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश अवस्थी, पिंकू,दयाशंकर तिवारी, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश, पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षित सिंह चौहान ,प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडे चौकी प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी, सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महादेव के विकास के लिए सहयोग करें स्थानीय लोगः डी.एम.

### एमएलसी व पूर्व विधायक ने महादेवा के विकास के लिए स्थानीय लोगों से की सहयोग की अपील

**रामनगर बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने स्थानीय लोगों से महादेवा के विकास व कारीडोर निर्माण हेतु स्थानीय लोगों से खुले मन से सहयोग करने के लिए अपील की । जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि स्थानीय लोग इस विकास में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें जिससे महादेवा के विकास की गाथा लिखी जा सके। विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने भी कॉरिडोर निर्माण हेतु सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि समाज हित में कड़वे घूंट पीकर भी लोगों को आगे आना चाहिए। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने मेला मैदान में महोत्सव के आयोजन कराये जाने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित मेला समिति के प्रयासों की सराहना की तथा लोगों से मुख्यमंत्री की मंशानुरूप महादेवा के विकास में सहयोग करने की अपील की ।

## राजनीतिक मंच बन गया महादेवा महोत्सव का मंच

### महोत्सव मंच से अंगद सिंह ने आगामी चुनाव में भाजपा को जिताने की लोगों से की अपील

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा के मेला मैदान में आयोजित महादेवा महोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य बाराबंकी जनपद से सत्ताधारी दल भाजपा से विधान परिषद सदस्य स्थानीय निकाय अंगद सिंह उपस्थित जन समुदाय में सरकार की नीतियों का बखान कर रहे थे। बखान करते-करते अपने लंबे भाषण के दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में उपस्थित जन समुदाय से 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील कर डाली। इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से मोदी सरकार बनाने की भी लोगों से अपील की ।मंच पर उपस्थित जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार ,अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ,उप जिलाधिकारी नागेंद्र कुमार पांडे सहित तमाम आला अधिकारी महोत्सव के मंच पर एमएलसी की इस अपील पर आवक रह गए। महोत्सव स्थल पर उपस्थित प्रबुद्ध जनों में अंगद सिंह की अपील से तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो हो गया। कई प्रबुद्ध जनों ने यहां तक कहा कि यह लोधेश्वर का सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो सरकार द्वारा महोत्सव कराया जाता है ,ऐसे अवसरों पर राजनीतिक दलों को अपनी राजनीतिक रोटी नहीं सेंकनी चाहिए।

## भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विश्व किया गया प्रमाण पत्र

महादेवा मेला महोत्सव की मंच पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, उपजिलाधिकारी नागेंद्र कुमार पांडे, विधान परिषद सदस्य स्थानीय निकाय अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को चाबी वितरित की गई तथा एनआरएलएम के तहत उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को भी पुरस्कृत किया गया ।100 दिवस रोजगार प्राप्त करने वाले मनरेगा मजदूरों को भी प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा हॉट कुक्ड योजना के तहत नौनिहालों को बर्तन वितरित किए गए ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, खंड विकास अधिकारी सूरतगंज प्रीती वर्मा तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ के.के.नागर का विदाई समारोह आयोजित

द अचीवर टाइम्स संवाददाता




**हापुड़।** सोमवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश सचिव राजेंद्र गुर्जर के आवास शंकर मैडिकोज मैडिकल मार्केट जवाहर गंज में रेखा नागर जिला पंचायत अध्यक्षता में डॉ के के नागर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर सहारनपुर की पदोन्नति के उपलक्ष्य में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें डा0 विकास अग्रवाल क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा,राजेन्द्र गुर्जर राष्ट्रीय सचिव जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ,जगवीर गुर्जर पूर्व चेयरमैन बाबूगढ ,पवन हूँण जिलाध्यक्ष, राजवीर भाटी नगरधयक्ष ,भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) ,सुन्दर कुमार आर्य जिलाध्यक्ष ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम मे रवि भाटी प्रदेश सचिव युवा,ईश्वर कुमारी सिसौदिया राष्ट्रीय सचिव( महिला विंग), सारिका सिरोही सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी,दुर्गेश तौमर, राकेश सिरोही,पूनम त्यागी, शशि गोयल जिलाध्यक्ष,ओमप्रकाश कटार सिंह गुर्जर जिला महासचिव, आदेश त्यागी ,सुनील शर्मा,नीरज चाचा टोपी,अमरेश त्यागी,अनिल गुप्ता, नितिन गुर्जर, लोकेश वरूण ,अमित कुमार ,अनीश अहमद सभासद, मोनू त्यागी,रविन्द्र नागर,ओमवीर एडवोकेट ,यशवीर चौधरी हिमांशु खारी, अरविंद तंवर ,देवेन्द्र सिंह ,बिजेन्द्र कसाना आदि उपस्थित रहे।

### गांव मीरापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ब्लॉक धौलाना में गांव मीरापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लाभार्थियों किसानों को मिल रही एक साल में 2 हजार रूपये की तिमाही धनराशि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सरकार द्वारा किसानों को दी जारी जनकल्याणी योजनाओं के बारे में भी बताया गया साथ ही गांव मीरपुर में लोगों की जन समस्याएं भी सुनी गई और डॉक्टर द्वारा उपस्थित टीम ने टीबी और अन्य प्रकार की हो रही बीमारियों के बचाव हेतु लोगों को जागरुक कर उनके स्वास्थ्य की जांच भी की। इस मौके पर मीरपुर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी वर्षा गुप्ता, लेखपाल केशव, स्नेहलता आशा, शर्मिला देवी, उर्मिला देवी, राजदुलारी आशा, किसान सहायक चंद्रपाल यादव, सुपरवाइजर बबीता, सी एच ओ पारुल, राजकली संगिनी, ललिता ए एन एम, सी एस सी प्रभारी थान सिंह, वंदना राशन डीलर और प्रधानाध्यापक मंजरी गंगे के साथ साथ ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)



**हरदोई।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के बमटापुर गांव निवासी ज्ञानपाल की पत्नी संगीता (27) की सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोनार थाना क्षेत्र के निउरादेव गांव के राजपाल ने अपनी पुत्री संगीता की शादी 5 वर्ष पूर्व बमटापुर गांव के ज्ञानपाल के साथ की थी। मृतका के पिता राजपाल ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि ससुराली जन आए दिन दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे, जिससे वह आए दिन परेशान ही रहती थी। सोमवार की सुबह पति सहित चार लोगों ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या कर दी। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के पिता राजपाल की तहरीर के आधार पर पति ज्ञानपाल, ससुर सर्वेश, जेठ जगपाल, व जेठानी अहित चार लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मृतका के पति ज्ञानपाल ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। रविवार की देर रात उसकी पत्नी की तबियत अचानक खराब हो गई, जब उसने गांव के ही एक डॉक्टर से दवा दिलवाई। उसके बाद सोमवार की सुबह हालत बिगड़ने पर निजी वाहन से हरदोई अस्पताल लिए जा रहे थे, वहीं रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। साथ ही बताया कि उसके दो वर्ष का एक बेटा भी है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों को वितरित किये प्रणाम पत्र



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** धौलाना विधानसभा के ब्लॉक धौलाना के ग्राम मीरापुर व खैर पुर खैराबाद में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम में लाभार्थियों/जनता को संबोधित कर केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रणाम पत्र वितरित किये। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया ने वहां उपस्थित जनता को बताया कि किस प्रकार केंद्र पर प्रदेश की सरकार प्रत्येक वर्ग को लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है जो लाभार्थी इस यात्रा में सम्मिलित हुए उनसे उनका अनुभव साझा करते हुए सिसोदिया ने कहा कि कोई और सरकार कभी भी इस विषय में नहीं सोचती कि किस प्रकार प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को लाभ मिले बल्कि पहले की सरकारों की मुखिया तो यह कहते थे कि ?1 अगर ऊपर से भेजा जाएगा तो नीचे केवल 15 पैसे ही पहुंचेंगे लेकिन मोदी जी के स्पष्ट नजरिया और दृढ़ संकल्प ने यह कर दिखाया कि यदि ?1 लाभार्थी को भेजा जाएगा तो उसके खाते में सीधा एक रू पहुंचेगी बीच की मध्यस्थता को भाजपा सरकार ने समाप्त कर दिया है इस अवसर पर अभियान के सह सयोजक मनोज गौतम, सचिन पुंडीर,हेमंत त्यागी,मनीष महश्वरी उपेंद्र राणा गांव प्रधान प्रदीप कुमार, सतीश प्रधान जी आदि रहे इस यात्रा को पूरे जिले में जिला महामंत्री शायामेंद्र त्यागी देख रहे हैं।

## दो निष्कासित कांग्रेस नेताओं की हुई बहाली,फूल माला पहनाकर किया स्वागत

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय हापुड़ में श्रीराम वाटिका में पहुंचे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का फूल मालाओ व ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया। स्वागत के पश्चात शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने मंच पर घोषणा कर पूर्व मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग व कांग्रेस से सभासद रहे इरफान कुरैशी को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कांग्रेस ज्वाइन कराई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गौरव गर्ग और इरफान कुरैशी की बहाली कर फूल माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पार्टी ज्वाइन करने पर बधाई दी। आपको बता दें कि कांग्रेस नेता गौरव गर्ग और पूर्व सभासद इरफान कुरैशी को मार्च/अप्रैल के महीने में अनुशासनहीनता के चलते पार्टी से 1 साल के लिए निष्कासित किया गया था। जिसकी बहाली रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष हो गई। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं की बहाली पर उनका स्वागत किया हैं और बधाई दी हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने दोनों को बधाई देते हुए कहा हैं कि पार्टी और प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अजय राय जी के इस फैसले से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलेगा। पार्टी के इस फैसले से हापुड़ के कांग्रेस जन बेहद खुश हैं जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने पार्टी और प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा बहाली किए जाने पर पूर्व मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग ने कहा हैं कि भले ही पार्टी ने अनुशासनहीनता के चलते उन्हें 1 साल के लिए निष्कासित किया हो। लेकिन उन्होंने कभी कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा हैं कि पार्टी से निष्कासित किए जाने के बावजूद भी उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी सेवा और निष्ठा को बरकरार रखा। हमेशा कांग्रेस की विचारधारा को लोगों के बीच रखा और पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराते रहे। उन्होंने कहा हैं कि वे पार्टी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पूरा विश्वास दिलाते हैं कि वे पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा रखते हुए सदैव मजबूती से पार्टी के साथ खड़े रहेंगे अपना पूरा समर्पण भाव पार्टी के प्रति बनाए रखेंगे। पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मनसबी, सेवादल जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, राहुल शर्मा, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, सुबोध शास्त्री, तुषार शर्मा, सावन चौधरी, तारेश्वर त्यागी, गुलफाम कुरैशी, यशपाल ढिलौर, वरुण अरोड़ा, अमित सैनी आदि ने दोनों नेताओं की बहाली पर पार्टी ज्वाइन करने पर बधाई दी हैं।

## डीएम ने परिषदीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी। उमेश प्रताप सिंह ने परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बाड़ूजई द्वितीय तथा माहमंद जलाल नगर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में चल रही मिश्रित कक्षाओं पर नाराजगी व्यक्त की। प्राथमिक विद्यालय महमंद जलालनगर की प्रधानाध्यापिका सुम्बुल खान ने बताया कि यह मिश्रित कक्षाएं अध्यापकों की अनुपलब्धता की वजह से चलाई जा रही है। प्रधानाध्यापिका ने कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु कमरों की अनुपलब्धता से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया, इस पर जिलाधिकारी ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के द्वारा भवन निर्माण हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के शैक्षिक स्तर को जाचने हेतु उनसे प्रश्न भी पूछे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने बच्चों से मिड डे मील, फल तथा दुग्ध वितरण के विषय में भी पूछा। डीएम ने शिक्षक उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका को छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन के ऊपर हुए भवन निर्माण की जांच विनियमित क्षेत्र को सौंपने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई रखने हेतु जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया।

## धोखाधड़ी कर महिला के खाते से निकले गए पैसे!

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।



**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के मोहन रोड शाखा, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा फतेहगंज लखनऊ में महिला रीता पत्नी वीर बहादुर की पत्नी का खाता खुला हुआ था ! महिला ग्राम पुरैना थाना काकोरी की रहने वाली है पीड़ित महिला दर-दर की ठोकरे खाने पर मजबूर नहीं लिखा जा रहा पीड़ित महिला का मुकदमा वहीं महिला ने बताया कि मेरे खाते से अवैध रूप से संचालन करते हुए खाते से धनराशि 1, 49000 ,, रुपए निकल लिए गए श्रीमती रीता द्वारा मोबाइल नंबर 9005117936 का पंजीकरण कर खुला था खाता रीता द्वारा नंबर सिम व्यक्तिगत कर्म से इस्तेमाल करना बंद कर दिया गया और दूसरा सिम नंबर जो यह है 7459937488 का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था लेकिन अपने खाते में मोबाइल नंबर पंजीकरण नहीं कराया था इसके बाद उसका नंबर किसी अन्य व्यक्ति में निकलवा लिया था उसके बाद इस सिम के आधार पर महिला के खाते से निकल गए पैसे ! वही जब कुछ दिनों बाद रीता को जानकारी हुई तो बैंक पहुंची वहां से पता किया तो पता चला उसके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए गए काफी जानकारी करने के बाद बैंक मैनेजर ने बताया कि जिसने भी पैसे निकाले हैं उसका नाम रामनद पुत्र पिता रमेश चंद्र निवासी गधीपुर सरिया महीपत सिंह जिला सीतापुर का निवासी है! रीता का अकाउंट नंबर 520101037995010 जो यह है !

## तेज रफ्तार कार ऑटोरिक्शा से टकराई आठ लोग घायल

द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र



**फरधान।** क्षेत्र के लखीमपुर गोला मार्ग पर एक ढाबे के पास सोमवार सुबह करीब दस बजे स्कूटी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार यात्रियों से भरे ऑटोरिक्शा से टकरा गई। हादसे में ऑटो चालक समेत जबकि आठ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां हालत नाजुक देखा दस वर्षीय बालक को लखनऊ रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव उमरिया निवासी साबिर अली अपने ऑटो से रोज की तरह सवारियां लेकर लखीमपुर जा रहे थे। लखीमपुर से आई ट्वेंटी कार तेज रफ्तार से आ रही थी। अचानक स्कूटी चालक सामने आ गया। लखीमपुर गोला मार्ग पर शेरे पंजाब ढाबा के पास सोमवार सुबह करीब दस बजे स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में यात्रियों से भरे ऑटोरिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई की टक्कर होने के बाद ऑटो पर बैठी सवारी दूर कूद कर गिरी जाकर और ऑटो चालक पलट गया। कार भी सड़क किनारे खाई में गिरी जाकर। हादसे में ऑटो चालक समेत आठ लोग घायल हो गए। जिसमें साबिर अली ई रिक्शा चालक उमरिया आयु 50 वर्ष, आफरीन अंसारी आयु 25 वर्ष उमरिया , मोनू आयु 10 वर्ष बेल , सोहाना कैमहरा , साजन, धीरज न ,सोनाली, संकटा प्रसाद निवासीगण बेल थाना फरधान शहनवाज निवासी धौरहरा खुर्द,घायल हुए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया जहां सभी का इलाज चल रहा है। 10 वर्षीय बालक मोनू की हालत नाजुक देख डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया है। एसओ बृजेश कुमार मौर्य ने बताया चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया था। कार को कब्जे में ले लिया गया है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रांतीय रक्षक दल का 75वाँ स्वर्णिम स्थापना दिवस आयोजित

द अचीवर टाइम्स फसाद खान



**शाहजहांपुर ।** महानिदेशक के निर्देशानुसार पी आर डी के 75वे स्वर्णिम स्थापना दिवस के अवसर पर 66 पी आर डी जवानों के द्वारा 3 टोली बनाकर स्थापना दिवस का भव्यतापूर्ण आयोजन दिनांक 05 दिसम्बर 2023 से 11 दिसम्बर 2023 तक कराया गया जिसका समापन समारोह पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहांपुर सुधीर जायसवाल, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया की गरिमामयी उपस्थिति में परेड की सलामी लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन पी आर डी विभाग द्वारा किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी एन के सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रभारी मोहित कुमार एवं अन्य समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों के सहयोग से आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।कार्यक्रम अंतर्गत खेलो की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनके विजेताओं को पुलिस अधीक्षक नगर, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, जिला युवा कल्याण अधिकारी एन के सिंह द्वारा प्रमाण पत्र व ट्राफी से पुरुस्कृत किया गया। कबड्डी में बजरंग टीम विजेता जबकि नीलकंठ टीम उपविजेता रही, वालीबॉल में नीलकंठ टीम विजेता जबकि बजरंग टीम उपविजेता रही। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में ओमकार सिंह प्रथम, किरनजीत द्वितीय, जयवीर तृतीय स्थान पर रहे। महिला पी आर डी में प्रथम सीमा, द्वितीय देवकी, तृतीय स्थान पर प्रवेश कुमारी रहीं। युवक पी आर डी 200 मीटर दौड़ में प्रथम किरनजीत, द्वितीय जयवीर, तृतीय स्थान पर ओमकार रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा समस्त पी आर डी जवानों का उत्साहवर्धन भी किया गया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया द्वारा उपस्थित सभी युवाओं व पी आर डी जवानों को भारत सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित मेरा युवा भारत पोर्टल पर भी पंजीकरण हेतु प्रेरित किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी एन के सिंह द्वारा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# शिक्षा मंत्री कंवरपाल की अचानक बिगड़ी

## विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में कर रहे थे जनसंवाद

एजेंसी



**यमुना नगर।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री की यमुनानगर में विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। प्रताप नगर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद शिक्षा मंत्री को यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में लाया गया है।

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर की अचानक तबीयत बिगड़ गई। यमुनानगर में विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दौरान शिक्षा मंत्री जनसंवाद कर रहे थे तभी अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में मंत्री कंवरपाल गुर्जर को शहर के गाबा अस्पताल ले जाया गया। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के बड़े भाई अशोक कुमार बहादुरपुर ने बताया कि अब उनकी हालत में सुधार है। उन्होंने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम के संबोधन के बाद मंत्री कंवरपाल पात्रों को आयुष्मान कार्ड विकरित कर रहे थे तो उन्हें चक्कर आया है। जिसके बाद वह अचानक बैठ गए। आनन फानन में शहर के गाबा अस्पताल में लाया गया। जहां उन्हे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सिविल सर्जन मनजीत सिंह और गाबा अस्पताल के डॉक्टर बीएस गाबा ने बताया कि थकान की वजह से उन्हें कार्यक्रम के दौरान चक्कर आ गया था। लेकिन अब उनका बीपी और धड़कन भी कंट्रोल में है।

**सीएम मनोहर ने जाना शिक्षा मंत्री का हाल**

उधर जैसे ही कैबिनेट मंत्री की तबीयत खराब होने के बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सूचना मिली। उन्होंने तुरंत डॉक्टरों की सलाह लेकर उनसे बातचीत की है। मंत्री कंवरपाल ने खुद मुख्यमंत्री को फोन बताया अब उनकी तबीयत में सुधार है। उल्लेखनीय है इन दोनों विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम चल रहे हैं। ऐसे में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल अपने हलके में कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी के तहत नाग्गल पट्टी में जन संवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी।

# नौकरी के दो साल होने को आए तो खुला फर्जीवाड़ा का खेल




एजेंसी

**बिहार।** बिहार के दरभंगा जिले के अलीनगर प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रही शिक्षिका श्यामा देवी की पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई ने सेवा समाप्त कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी शिक्षिका इंटर के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल कर करीब दो साल से ड्यूटी कर रही थी। इस बात का खुलासा तब जाकर हुआ जब पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई द्वारा सूचना के अधिकार (ऋञ्जढ्ढ) के तहत जानकारी मांगी गई थी। पंचायत इकाई द्वारा सूचना के अधिकार से मिली जानकारी साझा करने और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आरोपी शिक्षिका का इंटर का प्रमाण पत्र फर्जी घोषित करने पर उनकी सेवा को समाप्त कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, उक्त शिक्षिका अलीनगर प्रखंड के नवटोलिया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित थी। शिक्षिका श्यामा देवी फरवरी 2022 से अपने पद पर सेवारत थी। शिक्षिका के खिलाफ सेवा पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई सह ग्राम पंचायत राज हरसिंहपुर के द्वारा यह कार्रवाई की गई है। जारी पत्र में कहा गया है कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई रिपोर्ट में जनता कोशी महाविद्यालय और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने आरोपी शिक्षिका के इंटर के प्रमाण पत्र को फर्जी करार दिया है। इस आदेश के तहत पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई सह ग्राम पंचायत राज हरसिंहपुर ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया था।

# खिड़कियों के शीशे तोड़कर नशा मुक्ति केंद्र से भागी एक दर्जन युवतियां

एजेंसी



**शिमला।** केंद्र में उपचाराधीन अधिकतर युवतियां पड़ोसी राज्य पंजाब व हरियाणा की बताई जा रही हैं। नशा निवारण केंद्र में 17 युवतियां उपचाराधीन हैं।

परवाणू क्षेत्र का एक नशा मुक्ति केंद्र सवालों के घेरे में आ गया है। केंद्र में उपचाराधीन एक दर्जन के करीब युवतियां खिड़कियों के शीशे तोड़ कर भाग गई हैं। केंद्र से भागी युवतियों ने नशा निवारण केंद्र के संचालकों व कर्मचारियों पर उन्हें नशा परोसने व मारपीट सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कई युवतियों ने नशा निवारण केंद्र से भाग कर नजदीकी घरों में शरण ली है। केंद्र में उपचाराधीन अधिकतर युवतियां पड़ोसी राज्य पंजाब व हरियाणा की बताई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक परवाणू में चलाए जा रहे एक नशा निवारण केंद्र में 17 युवतियां उपचाराधीन हैं। शनिवार देर रात अधिकतर युवतियां खिड़कियों के शीशे तोड़ कर भाग गई। केंद्र के भीतर केवल तीन युवतियां ही हैं, जबकि अन्य युवतियां गायब हो गई। पुलिस इस मामले में कुछ भी कहने से अभी बच रही है। बता दें कि कुछ समय पहले परवाणू के एक अन्य नशा निवारण केंद्र पर उपचाराधीन युवकों को नशा करवाने के आरोप लगे थे। केंद्र में उपचाराधीन एक युवक ने केंद्र के भीतर कर्मचारियों के नशा करने का वीडियो बनाकर अपने परिजनों को भेजा था, उसके बाद केंद्र के बाहर हंगामा हो गया था। सरकार ने इस केंद्र को बाद में बंद कर दिया था। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई थीं। यह मामला अभी पूरी तरह से ठंडा भी नहीं हुआ था कि शनिवार को एक अन्य नशा निवारण केंद्र पर ऐसे ही आरोप लगे हैं।

## एक नज़र

### अब घर बैठे मिलेगा 43 सेवाओं का लाभ केजरीवाल व मान ने शुरू की खास योजना

डायल करना होगा सिर्फ 1076



**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के बाद यह योजना पंजाब में शुरू की गई है। अब 43 प्रकार की सेवाएं आपके घर का दरवाजा खटखटाएंगी। इस दौरान भगवंत मान बड़ी संख्या में पहुंची जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने रविवार को लुधियाना से 'मान सरकार, तुहाडे द्वार' योजना की शुरुआत की। दोनों नेताओं ने डोरस्टेप ऑपरेटर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना के तहत प्रदेशभर में करीब 4000 ऑपरेटर्स की भर्ती की गई है। इस योजना के तहत पंजाब की जनता को 43 प्रकार की सरकारी सेवाओं का लाभ घर बैठे मिलेगा। लोगों को सिर्फ 1076 नंबर पर कॉल करना होगा। अब लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। योजना के तहत लोगों जन्म- मृत्यु, विवाह, आय, निवास, जाति, ग्रामीण क्षेत्र, सीमा क्षेत्र व अन्य प्रमाणपत्र समेत कई सेवाओं का लाभ घर बैठे मिलेगा। हालांकि हथियारों के लाइसेंस, आधार कार्ड व स्टैंप पेपर जैसी सुविधाएं इसमें शामिल नहीं होगी।

**आज का दिन ऐतिहासिक- भगवंत मान**

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के बाद यह योजना पंजाब में शुरू की गई है। अब 43 प्रकार की सेवाएं आपके घर का दरवाजा खटखटाएंगी। इस दौरान भगवंत मान बड़ी संख्या में पहुंची जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। आने वाले दिनों में बच्चों की परीक्षा में यह प्रश्न पूछा जाएगा कि सरकारी दफ्तरों में लोगों की परेशान कब खत्म हुई। इसका उत्तर 10 दिसंबर 2023 होगा, जब लुधियाना में अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में यह योजना शुरू की गई। भगवंत मान ने कहा कि जब वोट मांगने लोगों के घर जा सकता हूं तो सरकार बनने के बाद लोगों को चंडीगढ़ काम की खातिर नहीं बुलाया जाएगा। यह सरकार आपके घर आएगी और दरवाजा खटखटाएगी। अब घर बैठे आपके काम होंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि आजादी के इतने साल बाद भी ऐसा इसलिए नहीं हो पाया, क्योंकि हमने चोर और ईमानदार इंसान में फर्क ही नहीं समझा। अब पंजाब के लोगों ने उन चोरों को हराया है। यही वजह है कि ऐसी योजना शुरू की जा रही है। सीएम भगवंत मान ने कहा कि जल्द ही पंजाब को नंबर वन सूबा बनाना है।

**यह योजना किसी क्रांति से कम नहीं- केजरीवाल**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए बहुत क्रांतिकारी दिन है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह समेत तमाम क्रांतिकारियों ने इसलिए कुर्बानी नहीं दी थी कि आजादी के बाद लोग दफ्तरों के चक्कर काटेंगे। उन्होंने अपनी कुर्बानी इसलिए दी थी कि आजादी के बाद लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में शुरू हो रही ये योजना बहुत बड़ी क्रांति है। इसे 75 साल पहले ही शुरू हो जाना चाहिए था। अब पंजाब के लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। धीरे-धीरे करके पंजाब की सभी योजनाएं आपको घर पर ही मिलेंगी। दिल्ली में 2018 से यह योजना शुरू हो चुकी है। लाखों लोगों ने इसका लाभ उठाया है। अगर यह काम दिल्ली और पंजाब की सरकार कर सकती हैं तो बाकी दलों की सरकारों ने क्यों नहीं किया। मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में क्यों नहीं हुआ? उन्होंने कहा कि दफ्तरों में दलालों को दिया जाने वाला पैसा मुख्यमंत्री तक जाता है। अब पंजाब की जनता ने ईमानदार सरकार चुनी है। हमें पैसे नहीं कमाने हैं। हमारी नीयत साफ है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। भगवंत मान सरकार पंजाब को लूटने वालों को जेल में डाल रही है। उन्होंने कहा कि एक आजादी 15 अगस्त 1947 को मिली थी। अब दूसरी आजादी पंजाब को 10 दिसंबर 2023 को मिली है।

### अनूप जलोटा के भजनों को सुनकर मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

**द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला,** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा के अगहनी मेले में शाम 8:00 बजे से प्रसिद्ध भजन सम्राट पद्म भूषण अनूप जलोटा ने अपनी भजनों की शानदार प्रस्तुति की । कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी अरुण सिंह ,पूर्व विधायक शरद अवस्थी ,भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या ,उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ,तहसीलदार सीमा भारती ,ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपर जिला अधिकारी ने अनूप जलोटा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रसिद्ध भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन वो तो गली-गली हरि गुन गाने लगी भजन सुनकर श्रोता झूम उठे। अच्युतम केशवम् कृष्ण दामोदरम् राम नारायणम् जानकी वल्लभ भजन सुनकर श्रोता झूमने पर विवश हो गए तो वहीं मैं शायर तो नहीं गजल सुनकर पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा । मन में राम तन में राम रोम रोम में राम भजन का लोगों ने आनंद लिया। ÷दुनिया चले न श्री राम के बिना सीता न मिले हनुमान के बिना तथा तुम इतना जो मुस्करा रही हो क्या गम है जो तुम छुपा रही हो जैसे गीतों का श्रोताओं ने देर रात तक गीतों का आनंद लिया। परअवसर पर हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# थाना खुदागंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी वांछित वारण्टी 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



द अचीवर टाइम्स फसाद खान

**शाहजहांपुर।** पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली प्रेमचन्द मीना , पुलिस महानिरिक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली डा0 राकेश सिंह , पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार वाजपेयी व क्षेत्राधिकारी तिलहर प्रयांक जैन के कुशल नेतृत्व संचालित अवैध शस्त्र व सचालित अवैध जुआ की रोकथाम, वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु विरूद्ध चलाये गये अभियान में थाना खुदागंज पुलिस द्वारा ताबडतोड कार्यवाही करते हुए वारण्टी 01 अभियुक्त को गिरफ्तार तथा गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तार अभियुक्त लालू पुत्र नन्हे निवासी मोहल्ला सदर कस्बा ब थाना खुदा गंज जनपद शाहजहांपुर

# होटल संचालक और ब्यूटीशियन की तलवारों से हत्या

एजेंसी




**इंदौर।** इंदौर में हुए दोहरे हत्याकांड छ्श्चह्वद्घद्द स्थ्रह्लस्त्रद्ग में पुलिस अपराधियों के करीब पहुंच चुकी है। घटना के पीछे अवैध संबंधों की जानकारी मिली है। सात लोगों को हिरासत में लिया है।

इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए दोहरे हत्याकांड छ्श्चह्वद्घद्द स्थ्रह्लस्त्रद्ग में पुलिस अपराधियों के करीब पहुंच चुकी है। हत्याकांड अवैध संबंधों की वजह से हुआ था। मृतक रवि ठाकुर के कई महिलाओं से संबंध थे। तीन लोगों ने रवि ठाकुर और सरिता ठाकुर की तलवारों से हत्या कर दी थी।

**रवि के कई महिलाओं से अवैध संबंध थे**

हत्याकांड के पीछे असली वजह एक अश्लील वीडियो है। यह वीडियो मृत सरिता की सहेली का है। जो मृत रवि ठाकुर ने बनाया था। रवि ठाकुर ने सरिता के माध्यम से उसी सहेली से दोस्ती की। इसके बाद उसने उसके साथ संबंध बनाए और इस दौरान वीडियो भी बना लिया। बाद में पता चला कि इस पूरे मामले में रवि अकेला नहीं है। उसके साथ सरिता भी शामिल है। इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर रवि महिला को ब्लैकमेल करने लगा था। सरिता की सहेली ने यह बात अपने पति को बताई। पति ने खजराना निवासी सागीर के साथ मिलकर दोनों को मारने की योजना बनाई। जब पता चला कि घर में रवि ठाकुर और सरिता दोनों अकेले हैं तब सरिता के घर पहुंचकर तीन लोगों ने ताबड़तोड़ रवि पर हमला किया और उसे मौत के घाट उतार दिया।

**सात लोगों को हिरासत में लिया**

पुलिस ने अब तक सात लोगों को हिरासत में ले लिया है। इन सात लोगों में मृत महिला का पति, बेटी और बेटा भी शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने खजराना और बंगाली चौराहा क्षेत्र से ममता और अर्पणा नाम की दो महिलाओं को भी हिरासत में लिया है। ममता का पति इस हत्याकांड का प्रमुख संदेही बताया जा रहा है।

**दोनों के शरीर पर वस्त्र नहीं थे**

घटना वाले मकान में मृतका सरिता किराए से रहती थी। शव मकान की तीसरी मंजिल पर तीसरे कमरे में मिले। दोनों के शरीर पर वस्त्र भी नहीं थे। उन्हें तलवार में मारा गया है। एफएसएल विशेषज्ञ को भी बुलाया गया। सरिता ब्यूटी पार्लर चलाती है। रवि का सरवटे बस स्टैंड पर मां वैष्णवी नाम से होटल (लाज) है। टीआई राजेश साहू के मुताबिक, हत्या की घटना शाम करीब पांच बजे की है। सरिता ठाकुर की बेटी इशिका जब घर आई तो मां का शव देखा। रवि कार से आया था। घटना के समय सरिता का पति ऋषि भी नहीं था। उसका एक बेटा भी है। रवि का सरिता के घर आना-जाना था।

# कमलनाथ की हुई भोपाल वापसी आगे रहेगी कांग्रेस की ये रणनीति

एजेंसी



**भोपाल।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ रविवार को दिल्ली से भोपाल वापस लौट आए हैं। यहां उन्होंने बंगले पर कई स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा की। बताया जा रहा है कि अब आगे वे प्रदेश के दौरे पर निकलेंगे। इसके साथ ही कमलनाथ छिंदवाड़ा भी जाएंगे। वे यहां जीते के लिए जनता का आभार प्रकट करेंगे। इसके साथ ही आगे पर्यवेक्षक नियुक्त होने के बाद विधायक दल का नेता चुनने का काम किया जाना है। बता दें, नाथ के दिल्ली जाते ही उनके इस्तीफे की खबरें सामने आने लगी थीं कहा जा रहा था कि आलाकमान के कहने पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि बाद में उनके मीडिया विभाग ने इस खबर का खंडन किया था।

**लोकसभा की तैयारी**

सूत्रों की माने तो लोकसभा चुनाव तक नाथ की प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी सुरक्षित हो गई है। पार्टी उनके नेतृत्व में ही लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में है। कमलनाथ खुद भी कह चुके हैं कि दिल्ली से वापस आकर वे अब लोकसभा की तैयारी करेंगे। इसकी शुरआत वे प्रदेश में दौरे करने के साथ करेंगे। कार्यकर्ताओं से भी उन्होंने लोकसभा चुनाव में जुटने के लिए कहा था। बता दें, कांग्रेस के पास अभी प्रदेश में 29 में से लोकसभा की सिर्फ एक सीट है।

**दिल्ली में हुई बैठक**

विधान सभा चुनाव में मिली हार के बाद वे हाईकमान के साथ समीक्षा बैठक करने दिल्ली गए थे। यहां उन्होंने बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ विधान सभा की हार पर चिंतन किया। इसके साथ बैठक में आगे की रणनीति भी बनाई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेता भी मोजूद रहे थे।

**इस रिपोर्ट का इंतजार**

कमलनाथ को अब विधानसभा वार समीक्षा रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद वे एक बार फिर इस रिपोर्ट के साथ दिल्ली जाएंगे। दरअसल कमलनाथ ने सभी प्रत्याशियों से दो अलग-अलग रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है। इसमें एक रिपोर्ट में चुनाव का विश्लेषण करना है। जबकि दूसरी रिपोर्ट में संगठन की समीक्षा करके देनी है। यह रिपोर्ट बनाने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है।

# उज्जैन दर्शन करने आ रहे नेपाली वृद्ध की ट्रेन में बिगड़ी तबियत, इलाज के दौरान हुई मौत




एजेंसी

**उज्जैन।** उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने आ रहे एक नेपाली बुजुर्ग की ट्रेन में तबियत बिगड़ने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग उद्धवलाल पिता बैकुंठलाल 73 वर्ष निवासी ललितपुर काठमांडू नेपाल पत्नी सहित 22 लोगों के साथ कोचिवली-इंदौर एक्सप्रेस से उज्जैन दर्शन करने आ रहा था। नेपाल से उज्जैन दर्शन करने आ रहे वृद्ध की ट्रेन में तबीयत बिगड़ने के बाद मृत्यु हो गई। जिसके बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि उद्धवलाल पिता बैकुंठलाल 73 वर्ष निवासी ललितपुर काठमांडू नेपाल पत्नी सहित 22 लोगों के साथ कोचिवली-इंदौर एक्सप्रेस से उज्जैन दर्शन करने आ रहा था।

**इलाज के दौरान हुई थी मौत**

जिसके बाद रास्ते में उद्धवलाल की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। जहां उज्जैन स्टेशन ट्रेन पहुंचने पर उनके साथियों ने लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर की गई शिक्षा मित्र के पद की भर्ती की जांच कराने तहत सीता यादव ने दिया प्रार्थना पत्र फर्जी शिक्षा मित्र पर क्यों शाहजहांपुर शिक्षा विभाग मेहरबान



द अचीवर टाइम्स फसाद खान

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री फर्जी शिक्षक को खागाल रही है तो वही बरेली से एक ऐसा मामला निकल कर सामने आया जहाँ शिक्षा विभाग एक फर्जी शिक्षा मित्र को बचाने के लिए एड़ी चोटी तक का जोर लगाकर कर बचाने का प्रयास कर रहे है कई महीने पूर्व में कई गई शिकायत का अभी तक बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नही लिया संज्ञान आखिर बेसिक शिक्षा विभाग इतना क्यों है मेहरबान पीड़िता ने एप्लिकेशन देते हुए बताया ससुर ने लालता प्रसाद के द्वारा मांगी गई सूचना के आधार के तहत घनश्याम सिंह की नियुक्ति पत्रावली के साथ सामान्य निवास कर्म सांख्य 5290 दिनांक 28/9/2004 में उपजिलाधिकारी तहसील आँवला बरेली व जाति प्रमाण पत्र क्रमांक संख्या 4402 8/10/2004 को तहसील आँवला बरेली द्वारा हरि किया गया प्रस्ताव के बने हुए है जनसुनवाई में खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर जफराबाद बरेली अपनी आख्या के भवन संख्या 34 ग्राम पंचायत त्रिकुनिया की मतसूची जर्म संख्या 351 पर घनश्याम सिंह व 252 पर चयन समिति के अध्यक्ष रामभग सिंह फोनो एक ही भवन में संख्या 34 के निवासी हैं जिनका बोट भी बना है।

## 12 साल की बच्ची से रेप की सजा 20 हजार! वीडियो वायरल करने के नाम पर शोषण करता रहा

**पटना।** दरभंगा के अलीनगर थानाक्षेत्र की एक नाबालिग 12 वर्ष की बच्ची के साथ गांव के एक युवक अभिनंदन लाल देव के द्वारा दुष्कर्म करने की प्राथमिकी दरभंगा के महिला थाना में दर्ज कराई है। बता दें कि पीड़िता की मां निधन काफी दिनों पहले ही हो चुका है जबकि पिता ने दूसरी शादी के दूसरी शादी करने बाद वह मानसिक रूप से बीमार चल रहा है। इस मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई। इसमें गांव के लोगों ने आरोपी पर मात्र 20 हजार रुपये जुर्माना लगाकर उसे माफ कर दिया गया। इसके विरोध में पीड़िता की दादी ने महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन



द अचीवर टाइम्स। रमेश चंद्र

**नकहा खीरी।** ग्राम पंचायत अशोगापुर के मजरा केवलपुरवा में स्थित पंचायत भवन में बने नवनिर्मित जन सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन सदर विधायक योगेश वर्मा, गोला गोकर्णनाथ विधायक अमन अरविंद गिरी एवं उनके ताऊ जनार्दन प्रसाद गिरी, ब्लॉक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता के द्वारा विधि विधान से भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के दर्जनों प्रधान एवम् सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे। ग्रामवासी कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष संदीप मौर्य ने किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का ग्राम प्रधान जितेंद्र गिरी के द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# क्या रोहित ने कभी यो-यो टेस्ट पास किया?

# भारतीय कोच का यह जवाब जीत लेगा आपका दिल, कोहली से की तुलना

एजेंसी

**मुंबई।** बीसीसीआई ने हाल के वर्षों में फिजिकल फिटनेस को भारतीय टीम में चयन के लिए जरूरी मानदंड बनाया है। इसके साथ ही यो-यो टेस्ट की शुरुआत ने खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए मजबूर कर दिया है।

विराट कोहली के भारतीय टीम में आने के बाद से भारतीय क्रिकेट का पूरा नक्शा ही पलट गया। वह ऐसे कि पहले फिटनेस भारतीय टीम में चयन का जरूरी मानदंड नहीं था, लेकिन क्रिकेट के विकास और विराट के इस खेल में एंट्री के साथ बहुत कुछ बदल गया है। विराट कोहली यकीनन आज किसी भी युवा के लिए फिटनेस के सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं, लेकिन बाकी भारतीय खिलाड़ी भी इस मामले में कहीं से पीछे नहीं हैं।

**रोहित की फिटनेस कैसी है?**

बीसीसीआई ने हाल के वर्षों में



फिजिकल फिटनेस को भारतीय टीम में चयन के लिए जरूरी मानदंड बनाया है। इसके साथ ही यो-यो टेस्ट की शुरुआत ने खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि, रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर भी लगातार बातचीत जारी रहती है। कुछ फैंस उन्हें अनफिट बताते हैं तो कुछ कहते हैं कि अगर वह फिट नहीं होते तो राष्ट्रीय टीम में नहीं खेल रहे होते। हालांकि, जहां तक भारत के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच अंकित कलियार का सवाल है, रोहित कोहली की तरह ही फिट और चुस्त हैं।

**भारतीय कोच ने क्या कहा?**

अंकित ने एक इंटरव्यू में कहा, %रोहित शर्मा फिट खिलाड़ी हैं। उनकी फिटनेस अच्छी है। वह थोड़ा भारी दिखते जरूर हैं, लेकिन वह हमेशा यो-यो टेस्ट पास करते हैं। वह विराट कोहली की तरह फिट हैं। ऐसा लगता है कि वह भारी हैं, लेकिन हमने उन्हें मैदान पर देखा है। उनकी चपलता और गतिशीलता अद्भुत है। वह सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक हैं।

**कोच ने की कोहली की तारीफ**

कोहली के बारे में बात करते हुए कलियार ने यह स्वीकार किया कि इस सुपरस्टार बल्लेबाज के आने के बाद से ही टीम की फिटनेस कल्चर में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, %जब फिटनेस की बात आती है तो विराट इसका प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने टीम में फिटनेस की जागरुकता लाई है। जब आपका शीर्ष खिलाड़ी इतना फिट होता है, तो आप दूसरों के लिए एक उदाहरण बन जाते हैं। वह दूसरों में आत्मविश्वास पैदा करते हैं। जब वह कप्तान थे तो उन्होंने सुनिश्चित किया कि हर कोई फिट रहे। टीम में फिटनेस उनका शीर्ष पैरामीटर था। उन्होंने टीम में वह संस्कृति और अनुशासन पैदा किया है। जो माहौल विराट भाई ने बनाया और यह सराहनीय है। यही कारण है कि सभी भारतीय खिलाड़ी इतने फिट हैं।

भारतीय कोच ने यह भी खुलासा किया कि शुभमन गिल विराट कोहली को न केवल बल्लेबाज के दृष्टिकोण से बल्कि फिटनेस के दृष्टिकोण से भी एक प्रेरणा के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, शुभमन भी काफी फिट हैं। सिर्फ फिट ही नहीं, वह बहुत ही कुशल खिलाड़ी हैं। इसमें कोई शक नहीं कि शुभमन विराट भाई से प्रेरित हैं। चाहे बल्लेबाजी हो, फिटनेस हो या कौशल, शुभमन विराट भाई को फॉलो कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि शुभमन आने वाले वर्षों में देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**यो-यो टेस्ट का भारतीय क्रिकेट में काफी महत्व**

भारतीय क्रिकेट में यो-यो टेस्ट पिछले कई वर्षों से चर्चा का विषय बना रहा है। कोरोना से पहले तक टीम इंडिया में चयन के लिए इस टेस्ट को पास करना जरूरी था। कोरोना के समय इसमें ढील दी गई। यो-यो टेस्ट के कारण ही भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस में काफी सुधार देखने को मिला है। आईपीएल के 15वें सीजन से ठीक पहले हार्दिक पंड्या और पृथ्वी शॉ सहित कई भारतीय खिलाड़ियों का यो-यो टेस्ट हुआ था। हार्दिक तो टेस्ट में पास हो गए, लेकिन पृथ्वी फेल हो गए।

इससे पहले भी कई खिलाड़ी यो-यो टेस्ट में फेल हो चुके हैं। इनमें युवराज सिंह, सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, मोहम्मद शमी, संजू सैमसन और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। अब तो आईपीएल खेलने के लिए भी यो-यो टेस्ट को जरूरी कर दिया गया है। यानी जो खिलाड़ी बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में हैं, उन्हें यो-यो टेस्ट पास करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह आईपीएल नहीं खेल सकेंगे। चूंकि पृथ्वी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में नहीं थे, इस वजह से आईपीएल 2022 में खेले थे।

### यो-यो टेस्ट क्या है और भारतीय क्रिकेट टीम में कब शुरू किया गया था?

- यो-यो टेस्ट बीप टेस्ट जैसा होता है। यह एक रनिंग टेस्ट होता है जिसमें दो सेटों के बीच दौड़ लगानी होती है।
- दो सेटों के बीच की दूरी 20 मीटर होती है। यह करीब-करीब क्रिकेट पिच की लंबाई के बराबर है।
- इस दौरान खिलाड़ियों को एक सेट से दूसरे सेट तक दौड़ना होता है और फिर दूसरे सेट से पहले सेट तक आना होता है।
- एक बार इस दूरी को तय करने पर एक शटल पूरा होता है।
- टेस्ट की शुरुआत पांचवें लेवल से होती है। यह 23वें लेवल तक चलता रहता है।
- हर एक शटल के बाद दौड़ने का समय कम होते रहता है, लेकिन दूरी में कमी नहीं होती है।
- भारतीय खिलाड़ियों के यो-यो टेस्ट में 23 में से 16.5 स्कोर लाना होता है।
- यो-यो टेस्ट का आविष्कार डेनमार्क के फुटबॉल फिजियोलॉजिस्ट डॉ जेन्स बैंग्सबो ने 1990 के दशक में किया था।
- इसे इंटरमिटेंट रिकवरी टेस्ट (यो-यो टेस्ट) कहा जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे अन्य खेलों ने यो-यो टेस्ट को अपनाना शुरू कर दिया।
- भारतीय क्रिकेट टीम में यह टेस्ट 2017 में जुड़ा था। तब स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच शंकर बसु ने इस टेस्ट को भारतीय टीम पर लागू किया था।

## शीर्ष डिवीजन में वापसी तक पेले की 10 नंबर जर्सी नहीं पहनेगा सांतोस का कोई खिलाड़ी



एजेंसी

**साओ पाउलो।** पेले का पिछले साल 29 दिसंबर को 81 साल की उम्र में निधन हो गया था। सांतोस के नवनियुक्त अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा कि जब तक उनकी टीम सेकंड डिवीजन में खेलती रहेगी तब तक उसके खिलाड़ी 10 नंबर की जर्सी नहीं पहनेंगे।

ब्राजील के प्रमुख फुटबॉल क्लब सांतोस का कोई भी खिलाड़ी टीम के सीनियर डिवीजन (सीरी ए) में वापसी तक पेले की मशहूर 10 नंबर जर्सी को नहीं पहनेगा। पेले अपने करियर के दौरान सांतोस की तरफ से खेलते रहे और उनकी 10 नंबर की जर्सी विश्व फुटबॉल में विशेष स्थान रखती है। पेले का पिछले साल 29 दिसंबर को 81 साल की उम्र में निधन हो गया था। सांतोस के नवनियुक्त अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा कि जब तक उनकी टीम सेकंड डिवीजन में खेलती रहेगी तब तक उसके खिलाड़ी 10 नंबर की जर्सी नहीं पहनेंगे। उन्होंने कहा ,'जब तक सांतोस की सीरी ए में वापसी नहीं हो जाती, तब तक हम 10 नंबर की जर्सी का उपयोग नहीं करेंगे।'

## भारत में पिंक बॉल टेस्ट का आयोजन नहीं करना चाहता बीसीसीआई फैंस से जुड़ा है पूरा मामला

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में डे-नाइट टेस्ट या पिंक बॉल टेस्ट मैचों की मेजबानी नहीं करना चाहता है। इसके पीछे वजह यह बताई जा रही है कि ऐसे टेस्ट केवल दो या तीन दिनों में समाप्त हो जाते हैं। भारत के घरेलू सत्र में इस बार पुरुष और महिला टीमों के लिए कोई भी पिंक बॉल टेस्ट मैच शेड्यूल नहीं किया गया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि वे इस तरह के मैचों के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि ये तीन दिन से आगे नहीं जाते। उन्होंने कहा, %फैंस की इसमें दिलचस्पी नहीं है और हमें पिंक बॉल टेस्ट देखने में उनकी दिलचस्पी बढ़ानी होगी। ऐसे टेस्ट चार से पांच दिनों तक चलने के बजाय दो या तीन दिनों में समाप्त हो जाते हैं। एक बार





जब फैंस को इसकी आदत हो जाएगी, तब हम डे-नाइट टेस्ट के आयोजन के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार इसका आयोजन किया था और उसके बाद से पिंक बॉल से कोई टेस्ट नहीं हुआ है। हम इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के साथ बातचीत कर रहे थे, लेकिन हम इसे धीरे-धीरे लागू करेंगे। भारत ने अब तक पिंक बॉल से चार टेस्ट खेले हैं। इनमें से तीन में टीम को जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय पुरुष टीम ने अब तक बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट मैच खेले हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने पारी और 46 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एडिलेड में खेले गए उस मैच में टीम इंडिया 36 रन पर ही सिमट गई थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 10 विकेट और श्रीलंका के खिलाफ 238 रन से जीत हासिल की थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच को छोड़कर बाकी तीन डे नाइट टेस्ट भारत ने अपनी जमीन पर खेले। भारत ने पिंक बॉल से अपना आखिरी टेस्ट बंगलूरू में श्रीलंका के खिलाफ खेला था और तीन दिन में ही जीत दर्ज की थी। भारतीय महिला टीम का एकमात्र डे-नाइट टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में था और 2021 में खेला गया यह टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

## मध्यप्रदेश की अमी कमानी ने जीता नेशनल 6 रेड स्नूकर का खिताब



एजेंसी

**भोपाल।** पुरुष वर्ग में मलकीत सिंह रेलवे बोर्ड के साथी ई पांडुरंगइया को हराकर नये राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर पुरुष चैंपियन बने। मलकीत सिंह ने पांडुरंगइया को 'बेस्ट ऑफ 13' फ्रेम के फाइनल में 7-5 से शिकस्त दी।

कई बार की चैंपियन मध्यप्रदेश की अमी कमानी ने रविवार को यहां नेशनल-6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। उन्होंने यहां नेशनल बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप के फाइनल में अनुपमा रामचंद्रन को 4-1 से हराया। अमी ने सेमीफाइनल में कर्नाटक की चित्रा को जबकि अनुपमा ने गत चैंपियन विद्या पिल्लई को हराया था। फाइनल में अमी ने दो फ्रेम में दिक्कत नहीं हुई लेकिन तीसरे में अनुपमा 42-11 करने में सफल रहीं। अगले दो फ्रेम में 43-0, और 48-26 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में मलकीत सिंह रेलवे बोर्ड के साथी ई पांडुरंगइया को हराकर नये राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर पुरुष चैंपियन बने। मलकीत सिंह ने पांडुरंगइया को 'बेस्ट ऑफ 13' फ्रेम के फाइनल में 7-5 से शिकस्त दी। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के प्रबल दावेदार और 26 बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 6-5 से पराजित किया।

## स्किन के लिए वरदान समान है विटामिन ई कैप्सूल, जानिए इसके फायदे



स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आपकी स्किन पर किसी भी तरह के दाग-धब्बे हैं तो आपको विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। इसमें ना केवल एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, बल्कि यह स्किन में कोलेजन को भी बूस्ट अप करता है। आज के समय में चाहे महिला हो या पुरूष, हर कोई एक खूबसूरत स्किन पाने की चाहत रखता है। इसके लिए लोग मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के स्किन केयर प्रॉडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आपके ब्यूटी किट में विटामिन ई कैप्सूल मौजूद है तो आपको अलग से अलग तरह के स्किन केयर प्रॉडक्ट पर अपना पैसा बर्बाद करने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको विटामिन ई कैप्सूल से मिलने वाले कुछ जबरदस्त फायदों के बारे में बता रहे हैं स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आपकी स्किन पर किसी भी तरह के दाग-धब्बे हैं तो आपको विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। इसमें ना केवल एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, बल्कि यह स्किन में कोलेजन को भी बूस्ट अप करता है। इसलिए, अगर इसका नियमित रूप से इस्तेमाल किया जाए तो इससे आपका हीलिंग प्रोसेस तेज होता है और दाग-धब्बे धीरे-धीरे कम होने लगते हैं। यह विटामिन ई ऑयल कैप्सूल से मिलने वाला एक गजब का लाभ है। कोई भी इंसान नहीं चाहता कि उसकी स्किन पर एजिंग के साइन्स नजर आएं। ऐसे में इन साइन्स जैसे फाइन लाइन्स व झुर्रियों आदि को दूर करने के लिए आप विटामिन ई ऑयल कैप्सूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह उम्र बढ़ने की गति को कम करता है और आपकी स्किन को गहराई से मॉइस्चराइज करता है, जिससे आपकी स्किन अधिक यंगर व ब्यूटीफुल नजर आती है। विटामिन ई ऑयल कैप्सूल आपकी स्किन की कई प्रॉब्लम्स को बेहद आसानी से दूर करने में सहायक है। खासतौर से, अगर आपकी आंखों के नीचे काले घेरे हैं तो आप हर रात सोने से पहले अंडर आई एरिया पर विटामिन ई ऑयल कैप्सूल का इस्तेमाल करें और उससे हल्के हाथों से मसाज करें। इसके हीलिंग गुण डार्क सर्कल्स को भी काफी हद तक कम करने में मददगार होते हैं। चूंकि विटामिन ई ऑयल कैप्सूल आपकी स्किन की गहराई तक जाकर उसे

### नवरात्रि व्रत के दौरान यह मिठाइयां खाने में आ जाएगा मजा

घरों में चावल की मदद से खीर बनाई जाती है, लेकिन नवरात्रि व्रत के दौरान मखाने की खीर बनाना अच्छा विचार है। यह खाने में भी बेहद टेस्टी होती है। नवरात्रि व्रत में आलू का हलवा बनाया जाता है, लेकिन आप पपीते की मदद से भी हलवा तैयार कर सकते हैं। नवरात्रि के नौ दिन भक्तगण मां की आराधना व पूजा पूरे भक्ति भाव से करते हैं। इस दौरान वह हर दिन मां को भोग के रूप में कोई ना कोई मिठाई अवश्य चढ़ाते हैं। यूं तो आपको मार्केट में कई तरह की मिठाईयां मिल



## वर्क फ्रॉम होम के साथ लेना है वेकेशन का मज़ा तो बेस्ट हैं ये पांच जगहें



अगर आप घर की चार दीवारी में बैठकर काम करते-करते बोर हो गए हैं तो पहाड़ों और समुद्री तटों के किनारे बैठकर काम करने का प्लान बना सकते हैं। प्रकृति की गोद में बैठकर, चाय की चुस्की लेते हुए आप ऑफिस का काम कर सकते हैं।

कोरोना महामारी के कारण वर्क फ्रॉम होम कल्चर को बढ़ावा मिला है। ऐसे में कुछ कंपनियों ने पिछले साल से ही अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दी है। लेकिन अगर आप घर की चार दीवारी में बैठकर काम करते-करते बोर हो गए हैं तो पहाड़ों और समुद्री तटों के किनारे बैठकर काम करने का प्लान बना सकते हैं। प्रकृति की गोद में बैठकर, चाय की चुस्की लेते हुए आप ऑफिस का काम कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं जहाँ से वर्क फ्रॉम होम करना आपके लिए किसी सपने से कम नहीं होगा।

### मैक्लॉडगंज

लिटिल ल्हासा के रूप में जाना जाने वाला मैक्लॉडगंज, हिमाचल प्रदेश का सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन धर्मशाला के करीब स्थित है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के बीच प्रसिद्ध है। मैक्लॉडगंज में बहुत सारे कैफे हैं जहाँ वाईफाई कनेक्टिविटी अच्छी है। ऐसे में आप प्रकृति की गोद में बैठकर ऑफिस का काम कर सकते हैं।

### गोवा

घूमने के शौक़ीन लोगों की लिस्ट में गोवा का नाम सबसे ऊपर आता है। अगर आप एक ऐसी जगह तलाश रहे हैं जहाँ आप समुद्र तट के किनारे बैठकर काम करें और समुद्री हवा आपके चेहरे को छुए तो गोवा आपके लिए एक क्लासिक वर्क-ऑफ-होम लोकेशन है। चूंकि यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, इसलिए यहाँ आपको वाई-फाई और अन्य सुविधाओं से लैस कई अच्छे कैफे मिल जाएंगे।

### वर्कला



अरब सागर के किनारे चट्टानों पर बसा वर्कला उन सभी लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो प्रकृति के करीब रहकर काम करना चाहते हैं। अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी और लुभावने दृश्यों के साथ, यह जल्द ही आपका पसंदीदा गंतव्य बन जाएगा।

### कसौली

कसौली हिमाचल प्रदेश के सबसे मशहूर हिल स्टेशनों में से एक हैं। यह चंडीगढ़ से शिमला के रास्ते में स्थित एक छोटा सा पहाड़ी शहर है जो हिमालय पर्वत के निचले किनारों पर बसा हुआ है। हरे-भरे बागों, हिमालयी ओक और घने जंगलों से घिरे कसौली में वर्क फ्रॉम होम करना किसी सपने से कम नहीं होगा। अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी और शानदार होटलों और रिसॉर्ट में आप यादगार समय बिता सकते हैं।

### दार्जलिंग

पश्चिम बंगाल में पहाड़ियों की रानी के रूप में जाना जाने वाला यह हिल स्टेशन हिमालय से घिरा हुआ है। यहाँ के सुंदर दृश्य आपका दिल चुरा लेंगे। सभी प्रकृति प्रेमियों के लिए दार्जलिंग एक आदर्श गंतव्य है। अगर आप शहर के शोर-शराबे से दूर काम करना चाहते हैं तो दार्जलिंग जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।